वक्फ बोर्ड जो बनाए गए और जिस तरह से काम इस मुल्क में चल रहा है, इसमें पोलीटिक्स ज्यादा लाई गई है। सरकार ने पिछले 37 वर्षों में वक्फ बोर्ड में अपनी सियासत को दाखिल कर के उस मकसद को नुक्सान पहुँचाया है, जिसके लिए हमारे बुजुर्गों ने ये जायदादें कायम कीं। उन्होंनेयह तवक्कों की थी कि जो भी लोग आगें आकर इसको चलाएंगे, सरकार की रहनुमाई में ऐसा होगा, लेकिन ये जायदादें उन गरीब मुसलमानों, मोहताजों, गरीबों के लिए सहायक होंगीं। क्योंकि मुसलमान हिन्दुस्तान में तालामी और इकनामिक लिहाज से पसमांदा है, गरीब है और तालीम के मामले में बहुत पीछे रह गया है, तो इनकी भलाई के लिए इन्होंने इनकी बेहतरी के लिए यह वक्फ बनाया और इस तरीके से लोगों ने रजामंदी से बहुत सी ऐसी जमीनें और जायदाद दी, लोगों ने सारी जिंदगी जो कुछ कमाया था वह इस मकसद के लिए वक्फ कर दिया। मैं आनरेबल मिनिस्टर से जानना चाहूंगा कि 37 वर्ष के इस अर्से में सरकार ने इन जायदादों के मामले में बाकायदा कोई रिपोर्ट तैयार की है ताकि वह इस ऐवान को कान्फीडेंस में ले। जो अरबों रुपए की जायदादें मुख्तलिफ मकामात पर बिखरी पड़ी हैं, उनका इंतजाम और सही इस्तेमाल करने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है। क्या बाकायदा कोई हमारे सामने तहरीरी तौर पर कोई रिपोर्ट पेश कर सकते हैं ताकि हमें पता चले कि ये कीमती जायदादें किस हद तक फायदे-मन्द साबित हुई है और किस हद तक वह मकसद पूरा हुआ है जिसके लिए हमारे बुजुर्गों ने वक्फ के लिए अपनी जायदादें दीं।

सभापति महोदय, मैं मन्त्री महोदय से कहना चाहता हूं कि केबल कानून पेश करने से ही मकसद पूरा नहीं होगा। तकसीम का वक्त बहुत हो अफरा-तफरी का था। उस वक्फ मुसलमानों के गांव के गांव खाली हो गए। जायदादें पड़ी रह गई। हिन्दु और सिक्ख जो इधर आए, उनके साथ भी ऐसा ही हुआ, लेकिन चूंकि बात मुसलमानों से सम्बन्धित हो रही है, इसलिए वही बात कहना चाहता हूं। गवर्नमेंट की जिम्मेदारी थी कि सन् 1947 के बाद जो मुल्क में अफरा-तफरी का आलम था और जायदादें गलत हाथों में

[श्री अब्दुल रशीद काबली]

गई हैं, उनकी और तवज्जह देनी चाहिए थी मैंने कई जगहों का दौरा किया है और पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश में अपनी आंखों से देखा है कि ये सारी जायदादें हैं जो कि कुछ लोगों ने, मुसलमानों में से कुछ लोगों ने मुतबई होने के नाते कब्जे में ली हैं।

15.00 hrs.

अपनी जाती दौलत को बढ़ाने के लिए खर्च करते हैं, जिससे आम मुसलमानों को उसका फायदा नहीं मिल रहा है। किसी जगह पर तो जोरावर तबके जिसमें सरकार भी शामिल है ने गासिबाना कब्जा किया है। उसने हिन्दुस्तान की सेक्युलरिज्म को नुकसान पहुंचाया है। मुसलमानों की जायदादें गैर-मुस्लिमों के हाथ में आ गई। तो इसके लिए सब गैर-मुस्लिमों को इल्जाम नहीं किया जा सकता। जिन लोगों ने ऐसा किया या सरकार ने इस किस्म की गलती की और उस जमीन पर कब्जा जमाया तो इससे मुल्क में एक नफसियाती और साइक्लोजिकल मसला पदा हुआ कि क्या हिन्दुस्तान के मुसलमान की जायदादें इस सरकार के पास महफूज हैं ? सरकार का फर्ज बनता है, यह पता लगाए कि ये जायदादें कहां-कहां गलत तरीके से इस्तेमाल हो रही हैं। दिल्ली, इस मुल्क की राजधानी है। यहां पर डी०डी०ए० ने जिस ढंग से कानून को बलाए ताक रखकर और वक्फ के बुनियादी उसूलों को नजर-अन्दाज करके जमीनों पर कब्जा जमाया जिससे हिन्दुस्तान की सिक्युलिरिज्म और इज्जत को धक्का पहुंचा और हिन्दुस्तान के करोड़ों मुसलमानों के जजबात को ठेस पहुंची है। दिल्ली से जो भी बात चलेगी, वह पूरे मुल्क में फैलेगी। इसलिए, जब मुसलमान अपनी जायदादों का डी०डी०ए० द्वारा किया गया आमराया तरीका देखते हैं, जिसके लिए कांग्रेस के एम०पीज० ने भी कहा, बहुत बुरी बात होती है। यहां पर नवादिरात आरकेलाजिकल डिपार्टमेंट के जेरे इन्तजाम है। हमारे नवाबों या बुजुर्गों ने ये मस्जिदें बनाई, वे पने-तामीर का नमूना हैं। हिन्दुस्तान की कारीगरी और कन्ने तामीर के कारनामें उन्होंने पीछे छोड़ दिए। दिल्ली की जामा-मस्जिद न सिर्फ इबादतगाह है बल्कि खूबसूरती और सजावट और अजीम कारीगरी का एक नमना भी है। दिल्ली में तकरीबन 35 मस्जिदें अब भी आरकेलाजिकल डिपार्टमेंट के हाथ में है। उन्होंने उनको सिर्फ शो-पीस के तौर पर रखा है कि ये पुराने तरह की कारीगरी है। वे मस्जिदें सिर्फ दिखावट की चीज नहीं हैं बल्कि इबादत की जगह भी हैं। सरकार का फर्ज है कि उनको कौमी जायदाद समझकर उनकी कद्र करे। किसी को इस बात की इजाजत नहीं दे कि उनको नुकसान पहुंचाए क्योंकि सारे मुल्क का कौमी सरमाया है। जहां इबादत का मामला है, वहां गवर्नमेंट को मुसलमानों के जजबात की कद्र करनी चाहिए। सफदरजंग की मस्जिद का मामला बड़ा ही हंगामा खेज सूरतेहालकी मज्हर है। हिन्दुस्तान के बड़े मुदब्बिर और जिम्मेदार मुसलमानों ने सरकार से यह अपील की है कि इस मस्जिद को इबादत के लिए छोड़ दिया जाए। सरकार ने उसमें खुद तसलीम किया। जुमे के दिन वहां नमाज पढ़ाई जा रही है। मैं यह जानना चाहूंगा कि जुमे के दिन तीन वक्त नमाज की इजाजत आपने दे दी लेकिन पूरे हफ्ते के लिए बंद करने का आपके पास क्या जवाब

है ? पूरे हफ्ते की पांच वक्त की नमाज रोकने का आपका क्या हक बनता है ? मैं अर्ज करना चाहता हूं कि इसको देखें। हम इसको सियासत का मामला नहीं बनाना चाहते। हिन्दुस्तान की सिक्युलर इमेज, इस मुल्क के निजाम और जो हमारे मजहबी जजबात हैं, उनका मकान है, हर कदम पर उसकी आजमाइश होगी। इनकी कद्र होनी चाहिए।

आखिर में, यह अर्ज करना चाहता हूं कि जहां तक वक्फ कमिश्नर का ताल्लुक है, यहां एक नाम दिया गया है और आपने इसमें दो मैम्बराने पार्लियामेंट को रखा है। जैसा यहां पर सुलेमान सेट साहब ने कहा, हमारे यहां अव्वल तो रवायत थी कि जब दो लोक सभा के मैम्बर हों तो वहां एक मैम्बर राज्य सभा से भी होना चाहिए, लेकिन यहां आपने इसकी सूरत बदल दी। मेरे ख्याल में आप इसमें कोई तब्दीली न करे और इसको पुरानी सूरत में ही रहने दें, इसमें कोई चेन्ज न करें। दूसरी बात, आपने इसमें दो मैम्बरान असैम्बली को रखा है, मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि जहां नौमिनेटिड मैम्बर्स हैं, जहां आपके अख्तयारात वसीह हैं, कि बाद में यही इंसटीट्यूट जिसको बिल्कुल गैर-जानिबदार होना चाहिए, सरकार के हाथ में एक खिलौना बन कर रह जाएगा और सरकार जिस ढंग से चाहेगी, उसका इस्तेमाल करेगी।

यहां कमिश्नर को कुछ बेजा अख्तयारात दिए गए हैं मैं उनसे खतरा महसूस करता हूं। या तो ये कमिश्नर मिसयूज ऑफ ऑफिस करेंगे या फिर सरकार मिसयूज ऑफ ऑफिस करेगी, क्योंकि वही उनको तैनात करेगी। वैसे तो बोर्ड बना हुआ है, लेकिन बोर्ड के इतने मुकम्मल अख्तयारात नहीं हैं। मैं आपसे गुजारिश करूंगा कि इस मामले में कुछ कानूनी पहलू उभारे गए हैं, कुछ कानूनी नुक्ते हैं, जैसे लिमिटेशन का मामला है, इस में तबदीली होनी चाहिए। सरकार के पास बेजा अख्तयारात हैं। इसके अलावा कानूनी नाइसाफियां हो रही है इस मुल्क में। जहां भी सरकार चाहती है वक्फ जायदाद पर कब्जा करती है। लेकिन इससे जो नताइज निकलते हैं, उससे अहसासात को ठेस पहुंचती है। क्योंकि इससे टैम्परेरी किस्म के, फायदे आपको मिलते हैं। मै चेयरमैन साहब, आपके जरिए आनरेबल से गुजारिश करूंगा कि आप यह बिल यहां लाये हैं, भले ही कितनी नेक नियती से लाये हों, लेकिन मैं उससे मुत्तमइन नहीं हूं। इसमें अभी बड़ी कमी हैं, खामियां हैं और मैं चाहता हूं कि उनको पूरा करने के लिए आप किसी किस्म की जल्दबाजी न करें। जल्दी में इस कानून को पास न करें, बल्कि एक ज्वाइंट सलैक्ट कमेटी बनाई जाए, जिसमें लोक सभा और राज्य सभा के मैम्बरानों को रखा जाए और उसको आप कुछ वक्फा दें ताकि वह कमेटी इसकी बारीकियों को देख कर इसकी कोताही को दूर करने की कोशिश करे। क्योंकि हिन्दुस्तान भर में 10 करोड़ से ज्यादा मुसलमातों के जज्बात इस बिल से बाबस्ता हैं इसलिए यह कोई मामूली बिल नहीं है, बहुत अहम बिल है। मैं चाहता हूं कि इसको पास करने में सरकार बिल्कुल जल्दी न बरते।

आखिर में इस बिल के विषय में जो मेरे जजबात थे, वह मैंने आप को बता दिए, मैं समझता हूं कि आप उनकी कद्र करेंगे और इस मामले में पूरे हाउस को एतमात में लेंगे। आपको सही मायनों में यह देखना चाहिए कि इस बिल के साथ हिन्दुस्तान की सैकूलर इमेज भी जुड़ी हुई है।

لیکن یہ جائیداد ان غریب مسلمانوں کے لئے جو غریبی کے لئے سلیکٹ ہوں گی۔ کیونکہ مسلمان ہندوستان میں تعلیمی اور اکنامک لحاظ سے پسماندہ ہے۔ غریب ہے اور تعلیم کے معاملے میں بہت پیچھے رہ گیا ہے۔ تو ان کی بھلائی کے لئے انھوں نے بہتری کے لئے یہ وقف بنایا اور اس طریقے سے لوگوں نے رضامندی سے بہت سی ایسی زمینیں اور جائیداد دی لوگوں نے ساری زندگی جو کچھ کمایا تھا وہ اس مقصد کے لئے وقف کر دیا۔ میں آنریبل منسٹر سے جاننا چاہوں گا کہ ۳۷ ورش کے اس عرصے میں سرکار نے ان جائیدادوں کے معاملہ میں باقاعدہ کوئی رپورٹ تیار کی ہے تاکہ وہ اس ایوان کو کانفیڈنس میں لے۔ جو اربوں روپے کی جائیدادیں مختلف مقامات پر بکھری پڑی ہیں ان کا انتظام اور صحیح استعمال کرنے کے لئے سرکار نے کیا کارروائی کی ہے، کیا ہمارے سامنے تحریری طور پر کوئی رپورٹ پیش کر سکتے ہیں تاکہ ہمیں پتہ چلے کہ یہ قیمتی جائیدادیں کس حد تک فائدے مند ثابت ہوئی ہیں اور کس حد تک وہ مقصد پورا ہوا ہے جس کے لئے ہمارے بزرگوں نے وقف کے لئے اپنی جائیدادیں دی تھیں۔ میں منسٹری مہودے سے کہنا چاہتا ہوں کہ کیول قانون پیش کرنے سے ہی مقصد پورا نہیں ہوگا۔ تقسیم کا وقت بہت ہی افراتفری کا تھا اس وقت مسلمانوں کے گاؤں کے گاؤں خالی ہو گئے جائیدادیں ٹوٹی رہ گئیں، ہندو اور سکھ جو ادھر آئے ان کے ساتھ بھی ایسا ہی ہوا لیکن چونکہ بات مسلمانوں سے متعلق ہو رہی ہے اس لئے وہی بات کہنا چاہتا ہوں گورنمنٹ کی ذمہ داری تھی کہ ۱۹۴۷ء کے بعد جو ملک میں

شری عبدالرشید کابلی (سنہ ری نگر): چیئرمین صاحب۔ سرکار یہ جو وقف بورڈ امینڈمینٹ ۱۹۸۴ء لوک سبھا کے سامنے لائی ہے۔ اس پر بڑی تفصیل سے چرچا ہوئی ہے، اس قانون کے تحت ممبران سے کہا جا رہا ہے کہ اس کو منظور کیجئے چیئرمین صاحب میں محترم کوشل صاحب سے چاہوں گا کہ وہ ہمیں سمجھائیں کہ ایک طرف تو وہ ہمارا اعتماد چاہ رہے ہیں اور دوسری طرف ہماری کوئی بات نہیں مانی جا رہی ہے کمیٹی کی سفارشوں کے آٹھ سال بعد یہ بل لایا گیا ہے۔ منتری جی توقع کرتے ہیں کہ ہم اس بل کو پاس کریں۔ لیکن یہاں کے ۳۶ ممبران نے دستخط مہم چلا کر باقاعدہ ان کے سامنے سفارش کی اور کچھ ترمیموں کے لئے ان سے درخواست کی لیکن ان میں سے ایک بھی ترمیم کو یہاں نہیں لایا گیا ہے اس سے میں سمجھتا ہوں کہ جہاں آنریبل منسٹر چاہ رہے ہیں کہ ہمارا اعتماد، ہمارا سہیوگ ان کو ملے۔ وہیں جب پارلیمنٹ کے ممبروں نے مسلمان ممبروں نے سفارش کی، اس کو نظر انداز کیا گیا۔ تو یہ میں سمجھتا ہوں کہ بڑا ہی ایک قسم کا کانٹراڈکشن ہے

14.56 hrs.

[SHRI R. S. SPARROW *in the Chair*].

وقف بورڈ جو بنائے گئے اور جس طرح سے کام اس ملک میں چل رہا ہے اس میں پولیٹیکس زیادہ لائی گئی ہے، سرکار پچھلے ۳۷ ورشوں میں وقف بورڈ میں اپنی سیاست کو داخل کر کے اس مقصد کو نقصان پہنچایا ہے جس کے لئے ہمارے بزرگوں نے یہ جائیدادیں قائم کیں انھوں نے یہ توقع کی تھی کہ جو بھی لوگ آگے آکر اس کو چلائیں گے۔ سرکار کی رہنمائی میں ایسا ہوگا۔

طریقہ دیکھتے ہیں جس کے لئے کانگریس کے ایم پیرے بھی کہا وہ بہت بری بات ہے۔ یہاں پر نوادرات آر کلاجیکل ڈیپارٹمنٹ ہے کے زیر اہتمام ہمارے نوابوں یا بزرگوں نے جو یہ مسجدیں بنائیں فن تعمیر کا نمونہ ہیں، ہندوستان کی کاری گری اور فن تعمیر کے کارنامے انھوں نے اپنے پیچھے چھوڑ دیئے ہیں دلی کی جامع مسجد نہ صرف عبادت گاہ ہے بلکہ خوبصورتی، سجاوٹ اور عظیم کاری گری کا ایک نمونہ بھی ہے، دلی میں تقریباً ۳۵ مسجدیں ہیں جو اب بھی آرکلاجیکل ڈیپارٹمنٹ کے ہاتھ میں ہیں، انھوں نے ان کو صرف شو پیس کے طور پر رکھا ہوا ہے کہ یہ پرانے طرح کی کاریگری ہے، وہ مسجدیں صرف دکھاوٹ کی چیزیں ہیں بلکہ عبادت کی جگہ بھی ہیں، سرکار کا فرض ہے کہ ان کو قومی جائیداد سمجھ کر ان کی قدر کریں کسی کو اس بات کی اجازت نہیں دے کہ ان کو نقصان پہنچائے۔ کیوں کہ سارے ملک کا قومی سرمایہ ہے، جہاں عبادت کا معاملہ ہے وہاں گورنمنٹ کو مسلمانوں کے جذبات کی قدر کرنی چاہیئے، صفدر جنگ کی مسجد کا معاملہ بڑا ہی ہنگامہ خیز صورت حال کی مظہر ہے، ہندوستان کے بڑے مدبر اور ذمہ دار مسلمانوں نے سرکار سے یہ اپیل کی ہے کہ اس مسجد کو عبادت کے لئے چھوڑ دیا جائے، سرکار نے اس میں خود تسلیم کیا جمعہ کے دن تین وقت نماز کی اجازت آپ نے دے دی لیکن پورے ہفتے کے لئے بند کرنے کا آپ کے پاس کیا جواز ہے، پورے ہفتے کی پانچ وقت کی نماز روکنے کا آپ کا کیا حق بنتا ہے

افراتفری کا عالم تھا اور جائیدادیں غلط ہاتھوں میں گئیں ہیں ان کی اور توجہ دینی چاہیئے تھی، میں نے کئی جگہوں کا دورہ کیا ہے اور پنجاب ہریانہ، ہماچل پردیش میں اپنی آنکھوں سے دیکھا ہے کہ یہ ساری جائیدادیں ہیں جو کہ کچھ لوگوں نے مسلمانوں میں سے کچھ لوگوں نے متولی ہونے کے ناطے قبضہ میں لے لی ہیں، اپنی ذاتی دولت کو بڑھانے کے لئے خرچ کرتے ہیں جس سے عام مسلمانوں کو اس کا فائدہ نہیں مل رہا ہے کسی جگہ پر تو زور آور طبقے جس میں سرکار بھی شامل ہے نے غاصبانہ قبضہ کیا ہے، اس نے ہندوستان کی سیکولرزم کو نقصان پہنچایا ہے مسلمانوں کی جائیدادیں غیر مسلموں کے ہاتھ میں آ گئیں اس کے لئے میں غیر مسلموں کو الزام نہیں دیا جا سکتا تاہم جن لوگوں نے ایسا کیا ہے یا سرکار نے اس قسم کی غلطی کی اور اس زمین پر قبضہ جمایا تو اس سے ملک میں ایک نفسیاتی اور سائیکولوجیکل مسئلہ پیدا ہوا کیا ہندوستان کے مسلمان کی جائیدادیں سرکار کے پاس محفوظ ہیں، سرکار کا فرض بنتا ہے کہ پتہ لگائے کہ یہ جائیدادیں کہاں کہاں غلط استعمال ہو رہی ہیں دلی اس ملک کی راجدھانی ہے یہاں ڈی ڈی اے نے جس ڈھنگ سے قانون کو بالائے طاق رکھکر اور وقف کے جذبات اور اصولوں کو نظر انداز کر کے زمینوں پر قبضہ جمایا اس سے ہندوستان کے سیکولرزم کو اکو رعزت کو دھکا پہنچا اور ہندوستان کے کروڑوں مسلمانوں کے جذبات کو ٹھیس پہنچی ہے، دلی سے جو بھی بات چلے گی وہ پورے ملک میں چلے گی اس لئے جب مسلمان کی جائیدادوں کا ڈی ڈی اے کی طرف سے کیا گیا عادلانہ

میں عرض کرنا چاہتا ہوں کہ اس کو دیکھیں، ہم اس کو سیاست کا معاملہ نہیں بنانا چاہتے، ہندوستان کی سکولر امیج اس ملک کے نظام اور جو ہمارے مذہبی جذبات ہیں ان کا اپنا مقام ہے، ہر قدم پر اس کی آزمائش ہوگی، ان کی قدر ہونی چاہیئے۔

آخر میں یہ عرض کرنا چاہتا ہوں کہ جہاں تک وقف کمشنر کا تعلق ہے، یہاں ایک نام دیا گیا ہے اور آپ نے اس میں دو ممبران پارلیمنٹ کو رکھا ہے۔ جیسا یہاں پر سلیمان سیٹھ صاحب نے کہا ہمارے یہاں اصول تو روایت تھی کہ جب دو لوک سبھا کے ممبر ہوں تو وہاں ایک ممبر راجیہ سبھا سے بھی ہونا چاہیئے لیکن یہاں آپ نے اس کی صورت بدل دی، میرے خیال میں آپ اس میں کوئی تبدیلی نہ کریں اور ایسے ہی رہنے دیں۔ اس میں کوئی چینج نہ کریں، دوسری بات آپ نے اس میں دو ممبران اسمبلی کو رکھا ہے، میں آپ سے پوچھنا چاہتا ہوں کہ جہاں نومینیٹ ممبرس ہیں، جہاں آپ کے اختیارات وسیع ہیں بعد میں بھی انسٹی ٹیوٹ جس کو بالکل غیر جانبدار ہونا چاہیئے، سرکار کے ہاتھ میں ایک کھلونا بن کر رہ جائے گا اور سرکار جس ڈھنگ سے چاہے گی اس کا استعمال کرے گی۔ یہاں کمشنر کو کچھ بے جا اختیارات دیئے گئے ہیں۔ اور میں اس سے خطرہ محسوس کرتا ہوں، یا تو یہ کمشنر مس یوز آف آفس کریں گے یا پھر سرکار مس یوز آف آفس کرے گی کیوں کہ وہی ان کو تعینات کرے گی ویسے تو بورڈ بنا ہوا ہے لیکن بورڈ کے اتنے مکمل اختیارات نہیں ہیں، میں آپ سے گذارش کروں گا کہ اس معاملے میں کچھ قانونی پہلو ابھارے گئے ہیں کچھ

ان کو دیکھنے ہیں جیسے لمیٹیشن کا معاملہ ہے اس میں کچھ اکمپشن ہونا چاہیئے آپ نے وضاحت نہیں کی اور اس کے علاوہ لیگل ڈوکیشن ہو رہا ہے اس ملک میں جہاں بھی وقف کی زمین پر قبضہ ہو سرکار کو پتہ چلے کہ ہماری وقف جائیداد قبضہ کرتی ہے لیکن اس سے جو نتائج نکلتے ہیں اس سے احساسات کو ٹھیس پہنچتی ہے، کیوں کہ اس سے پبلیسٹی ہوتی ہے کے فائدے آپ کو ملتے ہیں، میں چیئرمین صاحب آپ کے ذریعے آنریبل منسٹر سے گذارش کروں گا کہ آپ یہ بل یہاں لائے ہیں پہلے ہی کتنی نیک نیتی سے لائے ہوں۔ لیکن میں اس سے متفق نہیں ہوں، اس میں بڑی کمی ہے خامیاں ہیں اور میں چاہتا ہوں ان کو پورا کرنے کے لئے آپ کسی قسم کی جلد بازی نہ کریں جلدی میں اس قانون کو پاس نہ کریں بلکہ ایک جوائنٹ سلیکٹ کمیٹی بنائی جائے جس میں لوک سبھا اور راجیہ سبھا کے ممبرانوں کو رکھا جائے اور اس کو آپ کچھ وقفہ دیں تاکہ وہ کمیٹی اس کی باریکیوں کو دیکھ کر اس کی کوتاہی کو دور کرنے کی کوشش کرے، کیوں کہ ہندوستان میں دس کروڑ سے زیادہ مسلمانوں کے جذبات اس بل سے وابستہ ہیں اس لئے یہ کوئی معمولی بل نہیں ہے بہت اہم بل ہے، میں چاہتا ہوں کہ اس کو پاس کرنے میں سرکار بالکل جلد بازی نہ برتے۔

آخر میں اس بل کے وشے میں جو میرے جذبات تھے وہ میں نے آپ کو بتا دیئے، میں سمجھتا ہوں ان کی قدر کریں گے اور اس معاملے میں پورے

ہاؤس کو اعتماد میں لیں گے۔ آپ کو صحیح معنوں میں دیکھنا چاہیئے کہ اس بل کے ساتھ ہندوستان کی سیکولر امیج بھی جڑی ہوئی ہے۔

SHRI SATISH AGARWAL(Jaipur): Mr. Chairman, Sir, I don't have that much authority to speak on this Bill as my other learned colleagues like Mr. Ibrahim Sulaiman Sait or Shri Gulsher Ahmed have spoken on this Bill. I would like to be brief in my observation.

As it is said, it is better late than never. After all, this particular measure has seen the light of the day after the report of the committee submitted finally in 1977 which was appointed to look into the grievances in 1969. I am also happy to note that the Hon. Law Minister had a series of consultations with several Muslim Members of both the Houses of Parliament.

But I am sorry to say that unanimity could not be reached on many vital issues as have been brought out on the floor of the House by hon. Shri Gulsher Ahmed and many other Members. Anyway, I hope even at this late stage, the hon. Law Minister would consider some of the important suggestions that have been made by the hon. Members here on the floor of Parliament.

Now, I find particularly one thing and that is that there is no denying the fact that the Wakf properties are being completely mismanaged. There is a lot of misappropriation and alienations are made illegally. The very purpose, the laudable objective, of creation of such Wakf properties and the enactment of such a law has not helped matters.

In this connection, I would like to draw the attention of the Hon. Law Minister to one particular aspect of the matter. There is Clause 51 which amends or which incorporates a provision with regard to the appointment of tribunals for the speedy determination of disputes, questions or other matters relating to wakf property. This particular tribunal is to be created by the State Government.

A very peculiar situation arose in Rajasthan. In front of my house which was being occupied by me as a Member of the Legislative Assembly for 15 years in Rajasthan, there is a very huge wakf property which may be worth crores of rupees as on date. A suit was filed by the Rajasthan Government against the Wakf Board. Shri Barkatullah Khan was the Law Minister. I was approached to appear on behalf of the State Government and be the counsel of the State in that particular case. I expressed my inability to appear on behalf of the State Government because I belonged to the Opposition. I said, "I am not going to accept any brief on behalf of the State Government. I may be misunderstood." Anyway, I was very much pressurised to accept the brief and I was a lawyer on behalf of the State Government of Rajasthan which was headed by late Mr. Sukhadia as the Chief Minister and Mr. Barkatullah Khan as the Law Minister. Now, Mr. Barkatullah Khan was the Wakf Minister also. You see a peculiar situation obtaining then. What is the remedy for such situations in this Bill ? The State Government of Rajasthan filed a suit against the Wakf Board and that suit is still probably pending in the district court. I appeared on behalf of the State Government of Rajasthan. A lot of litigation is going on.

Primarily, the complaint was that wakf properties are being mismanaged and these are being wrongly alienated. The property worth a hundred thousand rupees was given on rent or lease money just for Rs. 100 or Rs. 150. Even now I received a complaint from a lady in Jaipur which I, unfortunately, forget to bring it here. If you like, I can pass it on to you and my hon. friend, Mr. Gulsher Ahmed. She is crying for justice. She has approached the Prime Minister and she has sent a copy to me. But I did not deliberately middle into the affair particularly because these are

[Shri Satish Agarwal]

very sensitive issues and particularly because I had represented the State Government of Rajasthan in that case against the Wakf Board. The charge against the Wakf Board was that they took money illegally from many people and gave the property to certain persons...

SHRI GULSHER AHMED : That is why the institution of Commissioner.

SHRI SATISH AGARWAL : ...who were having some say in the ruling cliques in Rajasthan just for Rs. 100 or Rs. 150 or Rs. 200 which was worth lakhs of rupees.

This is a very peculiar situation. Now, the position is that if you really auction the property today, it will fetch not less than 5 crores of rupees. It is on the main Mirza Ismail Road. There is a mosque situated in that Particular property which is so badly managed. Nobody would like to go to that mosque. You will find all *kabadiawalas*; petty mechanics shops, motor workshops and what not. It is such a sight you would not like to see it. You cannot imagine a mosque situated in such surroundings.

This is how the things are grossly mismanaged by all these Wakf Boards in various States to which the Government of India never paid any attention and, unfortunately, no serious attempt was made so far to set things right.

SHRI GULSHER AHMED : Now it has been done.

SHRI SATISH AGARWAL : That is why I am welcoming this measure. Something is being done at least, if not to the entire satisfaction of my Muslims friends, at least a step in the right direction...

SHRI GULSAER AHMED : It will be to the entire satisfaction.

SHRI SHTISH AGARWAL : Then, I am very happy to see that the things are being set right.

As I said in the very beginning, Mr. Banatwalla, I am no authority on the subject. But, I was at one stage very closely associated with the case relating to wakf property which I represented on behalf of Rajasthan, not in my individual capacity and, so, only on that basis, I am speaking something on the Bill.

I say that this Bill is one step forward at least in setting things right. If it does not satisfy my other colleagues, I am sorry. If their view points have been accommodated in this particular matter, that would have been much more welcome.

One more objection has been raised by Shri Ebrahim sulaiman Sait and Shri Jamilur Rahman with regard to the period of limitation. The period of limitation has been prescribed as 30 years. Now the income-tax law provides for four years for the completion of assessment.

The law with regard to the adverse possession in individual cases this is 12 years and for Government properties 30 years. If you do not make any provision, then the tendency would be not to file any suit for eviction of illegal unauthorised occupations for 60 years. Then the suite will be filed in 59th year when it will become a fait accompli.

That may be the intention behind this particular provision. Otherwise, I personally have no objection. Sometimes they keep a mandate on the executive authority to take proper legal action within the stipulated period. Otherwise, the suit will become time-barred. That seems to be the intention behind it.

Personally, I do not find any very rigid objection to this particular provision of limitation but if the hon,

Members feel very strongly about it, I am not particular about it that way.

So it is for the Hon. Minister of Law to explain the position in this particular behalf so far as these provisions are concerned. I have personally gone through the various other provisions of the Bill.

श्री जगन्नाथ कौशल : गुलशेर साहब 30 साल चाहते हैं। उन्होंने कहा है कि लिमिटेशन 30 साल कर दी जाये।

SHRI SATISH AGARWAL : I am giving my own reasons why it should be kept as 30 years because previously under the law, the period of limitation for governmental properties in order to have any unlawful possession or title by adverse possession was 60 years which has been reduced to 30 years now under the amended limitation Act.

SHRI GULSHER AHMED : That is why I have put it at 30 years.

SHRI SATISH AGARWAL : I am supporting you that way. Otherwise, people will not take any action for evictions. They will wait for 59 years.

PROF. MADHU DANDAVATE : Is the Hon. Minister accepting that amendment ?

SHRI JAGAN NATH KAUSHAL : I right.

SHRI SATISH AGARWAL : If you say right now, he may bring a breach of privilege. Prof. Dandavate is an expert on this ?

Without taking much of your time, I wish and I do hapo that whatever new amendments are bring brought in Wakf they will lead to a better administration of Wakf properties throughout the country and they will check and prevent the maladministration that is at present grossly prevalent in all Wakf properties. Certain individuals have made these Wakf properties as their individual properties. They are mismanaging them. They are making lot of money out of these properties and the Poor are decied the properties. Those who have gifted these properties with very laudable objectives, their dreams have not come true, that way.

I sincerely wish this Government to take more effective measures and see that the provisions of this Bill come into effect as early as possible and are implemented sincerely.

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी (निजामाबाद) : सभापति महोदय, अभी श्री काबुली ने अपनी तकरीर में कहा है कि सरकार की तरफ से वक्फ बोर्ड में सियासत लाई जा रही है। यह बिल्कुल गलत है। जिस तरह की सैकुलर गवर्नमेंट हिन्दुस्तान में है, वैसी गवर्नमेंट श्री काबुली को और किसी मुल्क में नहीं मिलेगी। मुसलमानों और वक्फ की प्रापर्टी के बारे में न सिर्फ मुसलमान मेम्बरों को अपनी राय देनी है, बल्कि इस हाउस के सब मेम्बरान को भी अपनी राय देनी है। कांग्रेस पार्टी एक सैकुलर पार्टी है और उसके सदस्य मुसलमानों की जायदाद की हिफाजत की तरफ ज़्यादा ध्यान देते हैं।

मेरे जिले निजामाबाद में वक्फ की काफी प्रापर्टीज हैं, जो दूसरे लोगों के कब्जे में थीं। वक्फ के चेयरमैन ने जिस-जिस प्रापर्टी के बारे में बताया, हमने उन सब को खाली कराया है और वक्फ बोर्ड को दिया है। पहले वक्फ बोर्ड को आमदनी एक लाख रुपए से कम थी, जबकी अच्छा इन्तजाम करने की वजह से वह पचास लाख रुपए के करीब पहुंच गई है। वहां पर दो करोड़ रुपए की मालियत की दुकानें बनाई जा रही हैं। श्री खुर्शीद

[श्री एम० राम गोपाल रेड्डी]

आलम खां ने उनका संगे-बुनियाद रखा था। हिन्दू और मुसलमान दोनों उस दुकानों को ले रहे हैं। इससे वक्फ को बड़ी आमदनी होगी।

वक्फ की प्रोपर्टीज के बारे में पीरियड आफ लिमिटेशन 20 साल है। मैं समझता हूं कि उसको 30 साल करना जरूरी है, ताकि जो लोग उनपर कब्जा किए बैठे हैं, वे इस बात का फायदा न उठा सकें कि उनपर हमारा 20 साल से कब्जा चला आ रहा है। गवर्नमेंट की प्रोपर्टी के लिए यह पीरियड 60 साल है। वक्फ की प्रोपर्टीज के लिए 30 साल रखना बहुत जरूरी है। अगर ला मिनिस्टर साहब इस बात को मन्जूर कर लें, तो बहुत अच्छा होगा।

श्री काबुली ने कहा है कि बाज मस्जिदों में नमाज नहीं पढ़ने दी जाती है। इस बारे में मैं एक शेर पढ़ना चाहता हूं :—

मस्जिद तो बना दी शब भर में
ईमां की हरारत वालों ने
मन अपना पुराना पापी था,
बरसों में नमाजी बन न सका।

मैं श्री काबुली से दरख्वास्त करता हूं कि मेहरबानी कर के वह सब मुसलमानों को नमाजी बनाएं।

SHRI C. T. DHAVDAPANI (Pollachi) : Mr. Chairman, Sir, I would like to make some brief observations on this Amendment Bill which has been brought after a lapse of seven years. It should have been brought long before. The Hon. Minister of Law was also very much interested in bringing forward this Bill; I know that. He was also associated with the discussions when he was a member of the Consultative Committee of the Ministry of Law and Justice. The Members of the Consultative Committee of the Ministry of Law and Justice made several recommendations to the Government. I fail to understand why those recommendations were not incorporated in this Bill. We had long discussions on two or three occasions on this issue. The Government has brought forward this Bill at the fag end of the session, and due to lack of time many Members may not be in a position to express their views on this Bill. However, I welcome some of the provisions of this Bill.

The Amendment concerns about 15 crores of Muslims living in India. The properties of the Wakf Board attached to Mosques and '*Madarsa*' have to be properly regulated and the revenue of the Board should be increased. Unfortunately, this minority community has not been able to improve their economic condition and social condition. The Wakf Board's activities concern many sides. Particularly, they run educational institutions and other religions institutions also.

Due to shortage of funds they were unable to run them properly and neither the Centre nor the State Governments come forward with financial assistance to the institutions. These organisations naturally have to raise their revenue. Therefore, the entire management of the Board should be vested with the Muslims.

As far as the constitution of the Board is concerned, it is stated on page 6 as to how the members are appointed by the State Government, so on and so forth. It is stated, '2 shall be persons possessing administrative experience and knowledge of Law. It is not known whether these persons will belong to the Muslim community or other than Muslim community If they are from the Muslim community, I welcome it. If it is not, I differ from it. The simple reasons is this. In a Hindu temple administration, a Muslim is not included,

In the same way in the Church administration, a Hindu is not included. So, if it is other than Muslims, I do not think the Committee will function well. Therefore, I would request the Minister to throw light on this.

Same thing about the Tribunal Commissioner. The Secretary will be a Muslim but here on page 2, in the last but one paragraph, in the opening portion, after the words persons professing Islam; 'the word's or any other person' shall be inserted. So, a person belonging to other than Muslim community also may be appointed.....

SHRI JAGANNATH KAUSHAL : Kindly read Section 13 of the Act. No person who is a non-Muslim is qualified to be a Member of the Board.

SHRI C. T. DHANDAPANI : That is what I thought...In that case that is all right.

PROF. MADHU DANDAVATE : He is speaking on the basis of some rumour.

PROF. N. G. RANGA : ...or some false bogey.

SHRI C. T. DHANDPANI . It is not a rumour. I have read it in the beginning. If you say like that, it is all right. I only wanted to get the point clarified.

Then I come to unauthorised occupation of wakf properties. There is unauthorised occupation not only by private individuals but also by governments. Some of the State governments have occupied properties of the Wakf Board. In that case, the Government should see that the proper rent or lease amount is given to the Wakf Board and that too, with retrospective effect.

Then Members have also voiced a demand that the wakf properties should be free from the Rent Control Act. Our Minister has Stated and some other friends have also said that rent control is a State subject. But I thought that that we can incorporate some provision here suggesting to the State Governments that these properties should be free from the Rent Control Act...

SHRI JAGANNATH KAUSHAL : Nine States have already done it. Others are in the process.

SHRI C. T. DHANDAPANI : I am talking of the other States. Then it should be implemented immediately. Why should it take time ? We do not know when the next amendment will will take place. It may also take another 7 years as it has taken in this case. That is why I am saying this.

Same thing about limitation. The limitation is 30 years. Our hon. friend, Shri Satish Agarwal who is a learned lawyer, has said that as in the case of property of government, here too it should be 30 years so that eviction problem may rot arise. As far as my view is concerned, if it is a property of any religious institution, I do not think the limitation should be there. I was also on the Board of a Hindu temple administration. We have no such limitation. The property of a temple means the property of the temple...

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : You believe in religion.

SHRI C. T. DHANDPANI : Same should be the case in regard to church properties. That is the property of the church. Therefore, there should not be any limitation...

MR. CHAIRMAN : You have made the point.

SHRI C. T. DHANDAPANI : About the salary of the staff members of the Wakf Board, it should be met from the Consolidated Fund of the State Government, and their salary scales should be on par with those of the State Government employees. As far as the Commissioner is concerned, a provision is there. It is stated here that they are all public servants. If we treat them as public servants, naturally they are entitled to have the same salary scales as those of the State Government employees.

Then the Government, either at the centre or at the State level, should bring in some amendments to prevent Wakf properties being used against the religious sentiments. Some undesirable activities are taking place. For example, the wakf property is being utilised for construction of a cinema theatre. Same way the wakf properties are leased out for opening liquor shops and they are all near the mosques and other places.

Before I conclude I would like to say that the annual report of the Wakf Boards should be discussed or placed before the State legislatures. I would request the Minister. Since this is a central legislation, the Parliament should have an opportunity to discuss their activities so that we can review the performance of the Wakf Boards and the State Government activities in this regard then and there.

By saying this, I welcome the Bill on behalf of my Party.

MR. CHAIRMAN : We have overshot the time stipulated. So I request the speakers to very kindly make it as brief rs possible.

Shri Ramavatar Shastri.

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति जी, मैं इस विधेयक का समर्थन करते हुए कुछ बातें आपके द्वारा सरकार से कहना चाहता हूं। 1954 में जो वक़्फ अधिनियम बना था उसमें संशोधन करने के लिए हमारे सामने संशोधन विधेयक प्रस्तुत है। 1954 के वक़्फ अधिनियम को पहले भी तीन बार संशोधित किया जा चुका है और सम्भवत: यह चौथी बार संशोधन हो रहा है। वक्फ की जो सम्पत्ति है जो काफी बड़ी संख्या में हैं, करोड़ों रुपए की सम्पत्ति हर राज्य वक्फ बोर्ड के मातहत है, उनका उपयोग ठीक प्रकार से अल्पमतावलंबियों के स्वार्थों के लिए किया जाए—यही मुख्य बात इस विधेयक में है, ऐसा मैं मानता हूं।

अभी स्थिति यह है कि वक्फ की सम्पत्ति का ठीक से उपयोग नहीं होता है। बहुत सारे लोग गैर-कानूनी तरीके से उस पर कब्जा जमा लेते हैं। जो प्रबन्धकर्ता होते हैं या मुतवल्ली जिनको कहा जाता है या दूसरे जो प्रबन्धकर्ता होते हैं, कार्य-पालक होते हैं, ये भी उसका दुरुपयोग करते हैं। इस दुरुपयोग को रोक कर इस पूरी सम्पत्ति का इस्तेमाल अल्पमतावलम्बियों के फायदे के लिए किया जाए, तो बहुत से काम हो सकते हैं। इन तमाम बातों पर विचार करने के लिए जांच समिति भी बनी थी, उसने कोई अन्तरिम रिपोर्ट दी थी। उस अन्तरिम रिपोर्ट की सिफारिशों को सरकार ने स्वीकार नहीं किया है, जिसकी दलील मन्त्री जी ने दी है। इसलिए मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि वक्फ के पास जितनी सम्पत्ति है, उसका

इस्तेमाल लोगों की बेहतरी के लिए किया जाए। मैं बहुत सी जगहों पर जाता हूं, तो देखता हूं कि मस्जिदों की हालत बहुत बुरी है, मदर्सों की हालत बहुत बुरी है, कब्रगाहों की स्थिति बहुत बुरी है, बहुत से लोग उन पर कब्जा कर लेते हैं और राज्य सरकार भी उचित कार्यवाही नहीं करती है। इसकी वजह से बहुत से झंझट खड़े हो जाते हैं और कहीं-कहीं पर साम्प्रदायिक तनाव भी पैदा हो जाते हैं। इन तमाम बातों को रोका जा सकता है, अगर इसकी व्यवस्था ठीक से की जाए। इस के जो व्यवस्थापक हैं, जो इन सब का इन्तजाम करते हैं, उनको आप मुतवल्ली नाम दीजिए या और कुछ भी, वे ठीक से काम करें। इस बात की तरफ सरकार का ध्यान जाना चाहिए।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि आपने कमीश्नर को बहुत ज्यादा अधिकार दे दिया है। वह उसका ठीक से इस्तेमाल करे इस को भी सरकार को देखना है। यदि वह उसका ठीक से इस्तेमाल न करे, तो लेने के देने भी पड़ सकते हैं और लाभ कुछ भी नहीं होगा। कमीश्नर अपने अधिकारों को ठीक से इस्तेमाल करें, इसको भी सरकार को देखना चाहिए। झगड़ों के निपटारे के लिए ट्रिब्यूनल की व्यवस्था की है। ट्रिब्यूनल अपना फैसला समय पर दें, अनावश्यक रूप से उसको देर नहीं करनी चाहिए। अगर उन के सामने मसला जाता है, जितना शीघ्र हो सके, उसका वह फैसला करे, ताकी सही बातों की जानकारी हो सके। तब जाकर उस का लाभ उस समुदाय को हो सकेगा।

सभापति जी, बोर्ड के गठन में भी ठीक से व्यवस्था होनी चाहिए। बोर्ड के सदस्य ऐसे सदस्य रखे जायें, जिनका दृष्टिकोण सार्वजनिक सेवा करने का हो, जिनका दृष्टिकोण अल्पमतावम्बियों की सम्पत्ति की रक्षा करना हो और उनको लाभ पहुंचाना होना चाहिए। अगर यह दृष्टिकोण नहीं होगा और आप ऐसे लोगों को, जो लोग आपको एप्रोच करते हैं, बोर्ड का सदस्य बना देंगे, बिना सोचे-समझे, तो बोर्ड ठीक प्रकार से काम नहीं कर सकेगा। वक्फ बोर्ड में चरित्र के लोग रखे जायें और लोगों की सेवा करने की भावना उनमें ज्यादा से ज्यादा हो। ....(**व्यवधान**) ....मैं यह कहना चाहता हूं, खास तौर से, कि मुसलमानों के अन्दर उसका ठीक से इस्तेमाल होना चाहिए।

वक्फ की प्रापर्टी का मतलब है कि उन के लाभ के लिए उसका इस्तेमाल हो। लेकिन यह तभी सम्भव है जब कानून का ठीक से अमल हो। इसलिए मेरे इतना ही निवेदन है, वरना इस में कमियां बहुत हैं जिनकी तरफ मैं इस समय नहीं जा रहा हूं। फिर भी आप जो कानून बना रहे हैं, वह केवल कानूनी-किताबों में ही न रह जाय, उस पर ठीक से अमल किया जाय तो उस के बहुत लाभ हो सकते हैं।

श्री हरिकेश बहादुर (गोरखपुर) : माननीय सभापति जी, वक्फ के बारे में जो संशोधन विधेयक आया है, यह इस लायक तो नहीं है कि इस का समर्थन किया जाय। मैं ऐसा इसलिये कह रहा हूं कि हमारे मुस्लिम एम. पीज ने जो सर्व-सम्मत सचेश्चन्ज अमेण्ड-मेन्ट के लिये दी थीं, माननीय मंत्री जी ने उनको स्वीकार नहीं किया है । मुस्लिम सदस्यों द्वारा जो सर्व-सम्मत सुझाव दिये गये थे, यदि उन्हें स्वीकार कर लिया गया होता, तो शायद यह विधेयक बहुत ही उपयोगी सिद्ध होता, लेकिन वास्तविकता यह है कि इस विधेयक से मुस्लिम समुदाय की आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं होने वाली है। चूंकि सरकार इस विधेयक को लाई है, इसलिये विरोध तो नहीं करना चाहता हूं, कम से कम आप एक विधेयक लाये तो सही, लेकिन इसमें कमियां बहुत अधिक हैं, जिन पर मैं थोड़ा प्रकाश डालना चाहता हूं। मुझे तो ऐसा लगता हैं कि चुनाव आ रहे हैं, इसलिये मतदाताओं को गुमराह करने के लिये यह विधेयक लाया गया है ताकि लोग यह समझें कि सरकार इस समुदाय के लिये बहुत कुछ करना चाहती है । वास्तविकता यह है कि इसमें इतनी कमियां है, जिनकी ओर माननीय सदस्यों ने मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया है और जो संशोधन सदस्यों ने सुझायें हैं, यदि आप उन पर अमल करेंगे और उनके अनुरूप परिवर्तन लायेंगे तब इस का कुछ मतलब निकलेगा, अन्यथा यह विधेयक जो एक्ट का रूप लेने जा रहा है, इस समुदाय के लोगों की आंकाक्षाओं की पूर्ति नहीं करेगा।

इस विधेयक में बोर्ड को विशेष रूप से कोई अधिकार नहीं दिये गये हैं, कमिश्नर जिस को बोर्ड का सेक्रेटरी बनाया गया है, सभी अधिकार उन के पास हैं। सैक्शन 21 (डी) जो आप जोड़ रहे हैं उस के हिसाब से वक्फ बोर्ड यदि कोई रेज़ोल्यूशन यूनैनिमसली पास भी करे, तो भी कमिश्नर चाहे तो उस पर रोक लगा सकता है, उस के इम्प्लीमेंटेशन को रोक सकता है। इतना अधिकार कमिश्नर को क्यों दिया गया है ? बोर्ड जो फैसला करे, उस को ओवररूल करने, उस के खिलाफ फैसला करने का अधिकार कमिश्नर को दिया जाना अलोकतांन्त्रिक है। वह वक्फ़ बोर्ड के सर्व-सम्मत निर्णय के खिलाफ निर्णय कर सकता है या जो रेजोल्यूशन सर्व-सम्मत पास हुआ हो उसके कायन्वियन को रोक सकता है—इस प्रकार का अधिकार कमिश्नर को दिये जाने का क्या मतलब है, यह अलोक-तांन्त्रिक कदम क्यों उठाया जा रहा है ? चूंकि इस समय अलोकतान्त्रिक कदम उठाने की परम्परा चल पड़ी है, इस लिये शायद आप ऐसा कर रहे हैं। मैं वहीं समझता हूं कि इस प्रकार का प्रावधान कर के आप कोई उचित काम कर रहे हैं।

वक्फ़ की काफी सम्पत्ति इस समय जगह-जगह नाजायज कब्जे में है। दूसरी जगह की बात छोड़ दीजिये, दिल्ली के अन्दर डी० डी० ए० ने वक्फ प्रापर्टीज पर कब्जा किया हुआ है और जो 20-25 वर्षों से उस के कब्जे में हैं। कम से कम आप यही कर दें कि डी० डी० ए० से तो वक्फ की प्रापर्टी खाली करा दें। जो बर्नी कमेटी ने रिपोर्ट दी है उसके इम्प्लीमेन्टेशन के लिए जो कुछ आपने किया है वह बिल्कुल नाकाफी है। आपको इस दिशा में आगे बढ़ कर कार्यवाही करनी चाहिए ताकि डी० डी० ए० के कब्जे से वक्फ की जायदाद को निकलवाया जा सके।

हमारे माननीय सदस्य श्री काबुली जी ने जो कहा है, मैं भी चाहता था कि उस विषय मैं आपका ध्यान आकर्षित करूं। आर्केलोजिकल डिपार्टमेंट के पास जो मस्जिदें हैं जिन्हें आपने राष्ट्रीय महत्व की इमारतें घोषित किया है, उन्हें मोनुमेंट्स के रूप में

ट्रीट किया जाए, यह ठीक है लेकिन इसके साथ ही उन्हें पूजास्थल के रूप में भी स्वीकार किया जाए और उस समुदाय के लोगों को वहां पर इबादत करने की इजाजत दी जाए। यह उस समुदाय की भावना का सवाल है और इस भावना के साथ सरकार को तमाशा नहीं करना चाहिए। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि वह इस सम्बन्ध में कदम उठाये और जो लोग वहां पर जा कर इबादत करना चाहते हैं वे वहां पर जा कर इबादत कर सकें इस बात की उनको इजाजत होनी चाहिए।

प्रो० अजित कुमार मेहता (समस्तीपुर) सभापति जी, इस विधेयक का समर्थन करने की इच्छा थी अगर इसमें त्रुटियां न होती तो। साधारणत: जो विधेयक सरकार की तरफ से सदन में लाया जाता है उसका सत्तारूढ़ दल के सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया जाता है, उसका समर्थन किया जाता है। मैं बड़े ध्यान से सत्तारूढ़ दल के सांसदों के तर्क और उनकी बातें सुन रहा था। उन्होंने इस विधेयक का समर्थन तो किया लेकिन इसमें उन्होंने जो त्रुटियां बताई उनके कारण मैं इस विधेयक का समर्थन करने की बात नहीं सोच सकता।

आखिर, यह विधेयक किन लोगों के लिए लाया गया है ? यह विधेयक वक्फ बोर्ड की सम्पति की देखभाल के लिए मुसलमान सम्प्रदाय के लिए लाया गया है। जब मुसलमान सांसद ही इस विधेयक को काफी नहीं समझते हैं तो किस आधार पर इसका समर्थन किया जाए, यह मैं समझ नहीं पा रहा हूं।

सबसे पहले मैं यह कहना चाहता हू कि हमारे देश के विभिन्न राज्यों में जितनी भी वक्फ की सम्पत्ति है क्या उसका लेखा-जोखा हमारे पास है। इसका विस्तृत रूप से सर्वेक्षण कराया जाना चाहिए और जो वक्फ की सम्पत्ति है उसकी पहचान की जानी चाहिए कि यह वक्फ की सम्पत्ति है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं और इसको और भी बहुत से लोगों ने कहा है। आपने इस विधेयक में कमिश्नर को असीमित अधिकार दे दिये हैं। वह वक्फ बोर्ड के किसी भी प्रतिनिधि के फैसले को ओवररूल कर सकता है और अपनी बात चला सकता है। आपने कमिश्नर के लिए इस विधेयक की क्लाज 21 (डी) में कहा है—

"2ID. Where the Wakf Commissoner considers that an order resolution passed by the Board—

(a) has not been passed in accordance with law; or

(b) is in excess of, or is an abuse of, the powers conferred on the Board by or under this Act or by any other law; or

(c) if implemented, is like to—

(i) cause rinancial loss to the Board or to the concerned wakf or to the wakfs generally, or

(ii) cause danger to human life, health or safety, or

(iii) lead to a riot or breach of the peace, or

(iv) is not beneficial to the Board or to any wakf or to wakfs generally."

आपने इतने सारे अधिकार दे दिये हैं कि इन बातों का फैसला कमिश्नर करेगा। मतलब यह है कि वक्फ बोर्ड में जो इतने सदस्य होंगे वे सब बिना सोचे-समझे निर्णय ले लेंगे और कमिश्नर इन सारी चीजों पर सोच-विचार कर अकेले निर्णय ले लेगा। यह कैसे संभव हो सकेगा। मैं समझता हूं कि यह सारा अधिकार

इसलिए दिया गया है कि वक्फ की सम्पत्ति पर सरकारी अधिकार हो जाए और वह अधिकार कमिश्नर के माध्यम से, सरकारी कर्मचारी के माध्यम से हो जाए। इसीलिए यह तो किसी भी तरह से इसमें होना ही नहीं चाहिए। सरकार वक्फ की संपत्ति पर किसी भी तरह का अधिकार करने का विचार नहीं होना चाहिए।

इसके अलावा यह कहा गया है कि रैंट कंट्रोल राज्य का एक्ट है, इसलिए रैंट कंट्रोल के तहत आने से बचाने के लिए राज्य सरकार को ही उपाय करना चाहिए। क्या ऐसा प्रावधान इस बिल में नहीं डाला जा सकता है कि इस तरह की संपत्ति पर राज्य का रैंट कंट्रोल लागू ही न हो। आप जानते ही हैं कि इस तरह की संपत्ति के मेंटीनेंस के लिए, रक्षा के लिए और इसको ठीक ढंग से चलाने के लिए किराया लिया जाता है और बहुत पुराने-पुराने मकान हैं जिन पर बहुत कम किराया लगाया गया है। जबकि बाजार दर से उसका किराया अधिक होना चाहिए। मेंटीनेंस कास्ट बढ़ गई है इसलिए उस रैंट से कोई काम नहीं हो पाता है। ऐसे स्थिति में रैंट कन्ट्रोल एक्ट के तहत इस संपत्ति को लाया जाए, आने दिया जाए ताकि होने वाली आमदनी से संपत्ति को ठीक तरह से चलाया जा सके।

इस सम्पत्ति को लिमिटेशन एक्ट से निश्चित रूप से बाहर कर देना चाहिए। जब भारत विभाजन हुआ तो जो संपत्ति की देखरेख करने वाले थे, जो भारत छोड़कर दूसरी जगह चले गये, वह संपत्ति वक्फ की ही है। तो जो लिमिटेशन एक्ट इस पर लागू हो जाता है, 12 साल की अवधि, इन बातों से वक्फ की संपत्ति का कोई अधिक लाभ नहीं हो पाता है। हमको वस्तुस्थिति को ध्यान में रखना चाहिए इसलिए सन 1947 के बाद से ही इसे लिमिटेशन एक्ट से बाहर कर देना चाहिए। ऐसा मेरा विचार है। यह भी देखें कि भूमि हदबंदी कानून से बचने के लिए अगर कोई वक्फ कर रहा है या किया गया है तो उसको रोका जाना चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि जिस-मूल भावना से इसको स्थापित किया गया है, वह पूरी होनी चाहिए। अगर किसी व्यक्ति ने किसी भावना से वक्फ किया है और उसके उत्तराधिकारी उसका पालन नहीं करते हैं तो मृतक की आत्मा को ठेस लगती है। इसलिए इसका सही उपयोग किया जाना चाहिए।

कमिश्नर की योग्यताओं में यह भी बताया गया है कि कमिश्नर मुसलमान होना चाहिए। मेरे खयाल से इतना ही काफी नहीं है। क्या शिया मुसलमान सुन्नी मुसलमाल की जायदाद को बिना पक्षपातपूर्ण दृष्टि के देख सकेगा और क्या सुन्नी मुसलमान शिया मुसलमान की जायदाद को बिना पक्षपातपूर्ण दृष्टि से देख सकेगा ? इसलिए इसका भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

इन सब बातों की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। इतना ही कह कर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

MR. CHAIRMAN : May I inform the House that we have already taken more time than is allotted. We have thrashed out all the points very well ? Will you kindly allow me to let the hon. Minister to reply? I know that there are so many people here who want to speak, like Prof. Soz and others. I suggest humbly that let us round it off adn go through it. Hon. Minister please.

श्री जगन्नाथ कौशल : चेयरमैन साहब, इस बिल पर जो माननीय सदस्य बोले हैं, मैं उन सबका धन्यवाद करता हूं। मैंने ओपनिंग स्पीच में बताया था कि इस बिल को लाने में कई वर्ष लगे हैं और वे लगे इसलिए कि जो पहली इंक्वायरी कमेटी की रिपोर्ट आई थी,

उस रिपोर्ट को बहुत सी कमेटीज ने फिर देखा और आपस में उनमें मतभेद थे। कोशिश की गई कि कंसेन्सस हो जाए। लेकिन उनमें हम कामयाब नहीं हो पाए। मुस्लिम एम० पीज० को कंसल्ट करने की कोशिश की कि उनका कंसेन्सस हो जाए। वह भी नहीं हुआ। हम इस जुस्तजु में लगे रहे कि हम ऐसा बिल लाए कि जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को तसल्ली हो सके और कन्सेन्सस भी हो सके। आखिरी जुस्तजु यह थी कि इस बिल को केबीनेट ने फिर एक सब-कमेटी को रेफर किया जिसमें मिनिस्टर्स ही नहीं बल्कि दो मेम्बर पार्लियामेंट भी थे। वहां पर बैठकर जो सुझाव दिए गए, उसमें कन्सेन्सस हुआ और उसकी बिना पर यह बिल लाया गया। जब यह बिल राज्य सभा में पास होने लगा तो तीसरी स्टेज पर कुछ सदस्यों ने फिर आपत्ति उठाई और कहा कि हमारी तसल्ली उससे नहीं होती। अभी एक माननीय सदस्य ने कहा कि मैंने वहां आश्वासन दिया था कि आप लोग मिलकर जो भी अमेंडमेंट मुझे देंगे, वह मैं मान लूंगा। मैंने जो आश्वासन दिया था, वह यह था कि लोक सभा में जो अमेंडमेंट आप सब लोग मिलकर देंगे और जो सबको एक्सेप्टेबल हो और गवर्नमेंट को भी एक्सेप्टेबल हो, तो वे अमेंडमेंट्स मेरे पास भेज देना। मैंने यह कभी नहीं कहा कि जो कुछ आप एग्री करें, क्योंकि यह आपस में एग्री करने का मामला नहीं है। मामला वक्फ की जायदाद का है। गवर्नमेंट की मंशा सिर्फ एक है कि वक्फ की जायदादों का इस्तेमाल उन कामों के लिए होना चाहिए जो रिलिजियस, चेरीटेबल और पायस है। गवर्नमेंट की यह हर मुमकिन कोशिश है कि उसके मकासिद पूरे हो। कोई लोग अगर मकासिद पूरे होने की राय दें तो वह हम नहीं मानेंगे। राज्य सभा के बाद फिर कोशिश जारी रही। आपस में सहमति नजर नही आ रही थी इसलिए ऐसा लगा कि यह बिल पास नहीं होगा और लोक सभा में यह बिल नहीं आ सकेगा। हमारे मुस्लिम एम0 पीज0 ने फिर आपस में बैठकर सलाह-मश्विरा किया और कहा कि जो ज्यादा जरूरी अमेंडमेंट्स हैं, वह दे दीजिए। जो तीन अमेंडमेंट्स गुलशेर साहब ने दी है, वह गालिबन मैम्बर्स की कंसेन्सस की अमेंडमेंट्स हैं। गुलशेर साहब ने पहले ही बता दिया है कि तीन अमेंडमेंट्स हैं।

एक अमेंडमेंट तो यह है कि वक्फ की जायदादों के मुकदमे दायर करने के लिए कोई पीरियड आफ लिमिटेशन होना ही नहीं चाहिए। गुलशेर साहब ने यह अमेंडमेंट दी है कि शायद इसको मानने में कुछ डिफीकल्टी हो, लेकिन आप तीस साल का लिमिटेशन कर दीजिए, जिसको हाउस में सतीश साहब ने भी सपोर्ट किया। जब ये अपनी अमेंडमेंट मूव करेंगे, चूंकि वेटी रीजन्स सतीश जी और गुलशेर जी ने दी हैं, इसलिए उस वक्त मैं उनको मान लूंगा।

दूसरी बात यह कही गई कि सैक्शन 6 में एक शब्द लिखा हुआ है—"person interested" तो पर्सन इन्टरैस्टिड के मायने सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक केस में यह लिखा कि—"person interested in the Wakf, not in the Wakf property" तो वहां पर प्रश्न पैदा हुआ कि अगर एक नॉन-मुस्लिम का प्रश्न पैदा हो जाए तो नॉन मुस्लिम चूंकि वक्फ में तो इन्टरैस्टिड नहीं हो सकता, मगर प्रौपर्टी में हो सकता है, उसकी प्रौपर्टी हो सकती है, तो उस को हम सैक्शन 6 के पर्सन इंटरैस्टिड में नहीं ला सकते। गुलशेर साहब ने अपनी अमेंडमेंट में यह कहा कि जब सर्वे कमिश्नर उस पर लिस्ट बनायेगा, यदि वह किसी नॉन मुस्लिम को भी नोटिस दे और कहे कि मुझे नजर आता है कि यह प्रौपर्टी वक्फ की है, यदि उसको कोई एतराज है, तो वह उसे पेश करे। उसके एतराज पेश करने के बाद, उसके

एतराज को सुनने के बाद यदि वक्फ कमिश्नर यह फैसला कर दे कि हां, प्रौपर्टी वक्फ की है तो उस आदमी को लिस्ट के खिलाफ अदालत में जाने का अधिकार है, या नहीं है। अगर है तो कितने साल में है। अब यहां प्रश्न पैदा होता है कि हमारे यहां लिमिटेशन का नोर्मल पीरियड है, वह 6 साल तक हो सकता है, 12 साल तक हो सकता है। गुलशेर साहब ने कहा कि नहीं साहब, यदि उसको सर्वे कमिश्नर ने रीजनेबल अपौर्च्युनिटी दे दी है और उसके खिलाफ फैसला करके लिस्ट छप गई है तो उसको भी बाकी लोगों की तरह एक साल का पीरियड मिलना चाहिए। मैं समझता हूं कि उस का रीजनेबल अपौर्च्यूनिटी मिलने के बाद नोटिस हो गया इसलिए यह कहना कि वह बिल्कुल गाफिल हो सो रहे, वह ठीक नहीं है। उसको अपने राइट्स का फैसला एक साल के भीतर अदालत से करवा लेना चाहिए। गुलशेर साहब की अमेंडमेंट भी मान लूंगा, जब वे अपनी अमेंडमेंट को मूव करेंगे।

बिल को इन्ट्रीड्यूस करने से पहले बूटा सिंह ने मेम्बर्ज आफ पार्लियामेंट की एक मीटिंग बुलाई। विरोधी दल की तरफ से मैं अकेली थी। दूसरे लोग दिल्ली में नहीं थे। मैंने सब रीकमेंडेशन्ज उनको बताई। उन्होंने ऐसा इम्प्रेशन दिया कि हमारी रीकेमेंडेशन्ज के मुताबिक बिल लाया जाएगा। लेकिन जब लास्ट मिनट पर हमारे सामने बिल पेश किया गया, तो हमने देखा कि उसमें "इन कनेक्शन" शब्द दिए गए थे। हमारा अनुभव है कि जब तक हमारे जजों के बिचार सामाजिक परिवर्तन के पक्ष में नहीं होंगे, तब तक उनके जजमेंट से इन्साफ नही मिल पाएगा। 1961 के ओरिजिनल एक्ट में भी कहा गया था कि शादी के समय, शादी से पहले और शादी के बाद जो चीजें मांगी जाती है, वे दहेज समझी जाएंगी।

यह आप ने कहा था पहले भी। तो भी मुझे याद है एक हमारा केस कोर्ट में चला था जिस में शादी के बाद भी चीजें मांगी गई थीं तो जज ने कहा कि यह कैसे हो सकता है ? शादी तो हो गई तो ऐज कंसिडरेशन आफ मैरिज कैसे हो

सकता है ? इसलिए उन्होंने हमारी जो अपील थी उसे डिसमिस कर दिया । आज भी यह होने वाला है । आप जो बिल लाए हैं, इन कनैक्शन कहने की वजह से करवा चौथ के समय मांगेगे, बच्चा होने के बाद मांगेगे, दीवाली के लिए मांगेगे और कस्टमरी कह कर आप कहेंगे कि यह डाउरी नहीं हो सकता है । जजेज ऐसे ही जजमेंट देने वाले हैं ।

दूसरी हमारी यूनानिमस रेकमेन्डेशन थी कि गार्जियन की सालाना इनकम जो है शादी के पहले उस का और शादी के खर्च का कुछ सम्बन्ध होना चाहिए । आप ने वह भी मंजूर नहीं किया, वह भी ईवेड कर दिया । मुझे याद आती है, बचपन में हमारी एक सहेली की नानी थी, उस नानी का काम यह होता था कि घर के सब लोगों को दाल वगैरह देती और दाल बाद में बची भी हो तो भी सर्वेंट को देते समय उसमें पानी डाल देती थी । मुझे लगता है यह सरकार हमें सर्वेंट समझती हैं । जैसे वह पानी डालती थी ऐसे ही कानून में पानी डाल-डाल कर हमें देती है जिस से उस का प्रभाव कुछ न रह जाय ।....(व्यवधान) मैं सच्चे माने में कहती हूं, यही बातें आप करते हैं । एक पुरुष प्रधान समाज में कानून जब तक हमारे जगन्नाथ कौशल जी जो पुरुष हैं वही बनाने वाले हैं तो इसी प्रकार पानी डाल कर हमारे सामने दाल आने वाली है । (व्यवधान).... मुझे लगता है यह हिपोक्रिटिक बिल है । हमारा कोई भी सवाल आता हैं तो आप उस को इम्पार्टेंस नहीं देते हैं

Women are taken for granted. You have taken us for granted.

तो क्यों हम इस का समर्थन करें ? समर्थन करने की हमें इच्छा थी क्यों कि फैमिली कोर्ट के लिए हम आप के पीछे पड़े थे ।

Women's Organisation has been demanding inclusion of rape and Dowry Prohibition Act.

आज मेरे सामने रेणुका रे का एक पत्र है, मुझे लगता वह आप को भी मिला होगा । उन्होंने भी कहा है । वह आल इण्डिया वीमेन्स कान्फ्रेंस की अध्यक्ष रही हैं, कांस्टीच्यूएंट असेम्बली की अध्यक्ष रही हैं, इस लोक सभा की वह सदस्य रही हैं । उन्होंने यह आप को कहा कि आप यह बिल लाए हैं ? बराबर डिमांड होती रही क्रिमिनल ला अमेंडमेंट बिल रिगार्डिंग रेप और डाउरी बिल के बारे में बार-बार हम ने यहां भी कहा कि यह बिल आप को लाना चाहिए । आपने परसों भी कहा था कि कम्पल्सरी रजिस्ट्रेशन आफ मैरिज होना चाहिए । वह बिल क्यों नहीं लाए ? यह बिल जो आप लाए हैं उस से डाउरी प्राहिबिशन एक्ट जो है वह पूरा नहीं होगा जब तक कम्पल्सरी रजिस्ट्रेशन आफ मैरिज ऐक्ट आप नहीं लाएंगे । यह बिल भी तब तक ऐसे ही रहेगा कि जिस के ऊपर कार्यवाही नहीं हो सकती है ।

मेरा यह कहना है कि आप ने जो यह बिल रखा है हम तो उस में आप के सामने अमेंडमेंट नहीं रख सकते हैं, आप खुद अमेंडमेंट रख कर कहिए कि एक सेलेक्ट कमेटी के सामने यह बिल जाना चाहिए जिस से देश की सारी वीमेन्स आर्गेनाइजेशंस के साथ सोच विचार कर इस प्रकार का बिल आ सके जिस से कि फैमिली कोर्ट्स एफेक्टिव हो सकें ।

मेरे पहले सुशीला गोपालन ने भी उस के बारे में बहुत कुछ कहा है लेकिन मुझे लगता है कि आप ने रेप उस में से निकाल दिया है । वह तो इस में नहीं आएगा । लेकिन डाउरी ऐक्ट भी नहीं आएगा । वह भी अभी आप ने बीच में क्रिमिनल ला अमेंडमेंट बिल रखा जिस में आइ० पी० सी० का 498 अमेंड कर दिया है, उस का भी इस में कुछ नहीं होगा । डाउरी के इतने केसेज हमारे पास आते हैं अगर फेमिली कोर्ट के पास वह जांएं तो महिलाएं

जलने से पहले बच जाएंगी । लेकिन आप ने कहा कि यह भी नहीं होगा । क्यों नहीं होगा ? मुझे समझ में नहीं आता कि आप डाउरी को क्यों इस में नहीं ला सकते ? हमारी सारी बहनों ने यह मांग रखी थी कि क्रिमिनल ला अमेंडमेंट बिल रिगार्डिग रेप और डाउरी प्राहिबिशन ऐक्ट जो हैं उन के लिए फेमिली कोर्ट बनने चाहिए । उस के साथ आप ने कहा भी है कि एसोशिएट करेंगे सोशल वर्कर्स को लेकिन उन का अधिकार क्या है ? वह क्या करेंगे ? कैसे करेंगे, कुछ पता नहीं चलता कि आप क्या चाहते हैं ? जैसे सुशीला जी ने कहा कि आप इस की जिम्मेदारी स्टेट पर अगर छोड़ देंगे तो आज जो यह ओवरड्राफ्ट के लिए पैसा मांग रहे हैं और उन को आप पैसा दे नहीं रहे हैं, उन के पास पैसा है नहीं, तो हमें लगता है कि यह फेमिली कोर्ट कभी सेट अप नहीं होगी ।

आप भी पैसा नहीं देंगे तो कैसे काम चलेगा ? सेन्ट्रल गवर्नमेंट को फाइनेंशियल रेस्पांसिबिलिटी लेनी चाहिए और एक मिलियन पापुलेशन के लिए एक फेमिली कोर्ट बनाई जानी चाहिए । यदि आप पैसा नहीं देंगे तो मैं समझती हूं बहुत सारी स्टेट्स में फेमिली कोर्ट नहीं बन पायेंगी ।

इस के साथ-साथ मेरा यह भी सुझाव है कि दो एक साल में समझौता हो जाना चाहिए-ऐसी लिमिट भी आपको रखनी चाहिए । हाई-कोर्ट के स्तर पर भी फेमिली कोर्ट की स्थापना होनी चाहिए जहां पर अपील के लिए जा सकें । दस साल तक सुप्रीम कोर्ट से भी फैसला हो जाना चाहिए । इस तरह के आप प्राविजन रखें और इस प्रकार कोर्ट में जाने से पहले समझौते, रिकंसिलिएशन का प्रोग्राम रखें तो में समझती हूं आप परिवारों को बचाने का काम कर सकेंगे । वैसे तो मैं सरकार की सिसेरिटी पर शक नहीं करती लेकिन आप स्त्री के मामलों में सीरियस नहीं हैं-ऐसा मुझे लगता है । मुझे कहते हुए दुःख होता है कि पहले हमारे एक होम मिनिस्टर रहे हैं जिन्होंने रेप के बारे में कह दिया था कि महाभारत काल से लेकर आज तक महिलाओं पर अत्याचार और बलात्कार होते रहे हैं और आगे भी होते रहेंगे, तब फिर मैं नहीं समझती इस बिल को लाने की क्या जरूरत है । आज देश में जो हो रहा है उसकी तुलना आप इंग्लैंड, जापान, आस्ट्रेलिया आदि मुल्कों से मत करें । हमारे यहां पुलिस की रिपोर्ट है, पुलिस रिसर्च ऐंड डेवलपमेन्ट ब्यूरो की, कि देश में हर 2 घंटे में एक स्त्री पर बलात्कार किया जाता है । इसी प्रकार से 1977-79 के बाद की जो रिपोर्ट प्रकाशित हुई है उसमें बताया गया है कि प्रास्टीट्यूशन के क्राइम्स जो हैं उनमें 80 परसेन्ट की बढ़ोत्तरी हुइ है । इस प्रकार से महिलाओं पर जो क्राइम्स बढ़ते जा रहे हैं उनको रोकने के लिए सरकार को कदम उठाने चाहिए । इस बढ़ोत्तरी के पीछे जो कारण हैं उनमें औद्योगीकरण भी हो सकता है, फिल्म्स और वेस्टर्न कल्चर का असर भी हो सकता है और यह भी सही है कि परिवार टूट भी रहे हैं लेकिन इसके कारण बच्चों की हालत बहुत खराब हो जाती है । अभी भी स्त्री अपने बच्चों के लिए बहुत सोचती हैं और उनके लिए सैक्रीफाइस भी करना चाहती हैं लेकिन आप जो फैमिली कोर्ट्स बनाना चाहते हैं उनके पास पूरे अधिकार नहीं है । फेमिली कोर्ट्स बनाने के साथ-साथ स्त्री को कंपलसरी फ्री लीगल एड भी मिलनी चाहिए तभी उसको कुछ लाभ मिल पायेगा ।

17.22 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

अध्यक्ष महोदय, आप भी मेरी बात को मानेंगे कि बहनों के साथ इन्साफ नहीं किया जा रहा है । यह जो बिल लाया गया है इसका लाभ समाज को नहीं मिल पायेगा । यदि आप

स्टेट गवर्नमेंटस के ऊपर ही सब कुछ छोड़ देगे तो कुछ भी होने वाला नहीं है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि मन्त्री महोदय दोनों सदनों की सेलेक्ट कमेटी के पास इस बिल को भेजें जिसके समक्ष पूरे देश की बहनें अपने विचार रख सकें और उसके बाद फेमिली कोर्टस बनाने की उचित व्यवस्था हो।

SHRIMATI JAYANTI PATNAIK (Cuttack) : Mr. Speaker, Sir, I rise to support this progressive Family Courts Bill. Sir, it is rightly said that the Family is an institution that postulates the intimacy of the highest order, that is, the importance of intrapersonal relationship of the family is to be emphasised. This philosophy is the underlying basis for the desire to shield the family from the rough and tumble of ordinary judicial process and the conflict and formality of the court-room.

With this objective, there comes the desirability of setting up a special judicial mechanism to resolve family disputes, within the totality of inter-personal relationship of the members of the family, so that they can deal with the welfare of the family, secure legal rights for the victims; and also, generally speaking, it can be said that they can play a supervisory role for the welfare of women and children.

Law Reform Commissions in some other countries had also stressed the desirability of deciding all the disputes relating to family in one court, so that there can be a coordinated approach on matters relating to family. Our Law Commission also had suggested the establishment of family courts, in 1974. Since long various women's organizations have been demanding few such courts. Even eminent social workers like Durgabhai Deshmukh had advocated vehemently for the establishment of family courts.

After such a long time, this Bill has come. Of course, we welcome this Bill. This Government is also to be congratulated. Our opposition members like Shrimati Suseela Gopalan and Shrimati Pramila Dandavate have said that because elections are coming, these Bills are brought in. It is not correct, After such a long time this Bill has been brought in. We must welcome it, and we must congratulate the Government. Only this Government has brought it. There are many welcome measures in this Bill. Unless and until we bring in some Bill for this purpose, how are we to proceed further ? In future, we can have some suggestions or amendments. But unless we have something, how can we take some suggestions or amendments So, I congratulate the Minister for bringing this progressive piece of legislation.

This progressive piece of legislation is the outcome of the need of the hour. In ordinary courts, there are cases lying pending for years together. Cases relating to family should be exclusively tried in separate courts like family courts. That is why family courts are expected to give speedy decisions. With the view, the whole concept of family courts is to institute a mechanism for reconciliation before adjudication, to provide an inexpensive and expeditious remedy and to have an informal atmosphere in which proceedings will be conducted with the services of social welfare agencies of psychologists, social workers, medical experts and academicians.

Clause 3 of the Bill provides for the establishment of family courts in certain areas comprising a city or town with a population exceeding one million. Here, I must say that every district should have a family court. There are some States where the cities or towns do not have a population of one million. So, I want to say that every district should have it. I would also say at the same time that the State capital should have it, because it is urban in nature. Various voluntary organizations are also there in the capital. Backward States especially, should have family courts in in the State capitals. Backward states should have family courts because we must cater to the needs of semi-urban and rural areas. Backward States should be given some more funds from the

Centre, so that they can set them up.

For the appointment of judges, besides having 7 years of experience, they must have sound knowledge of sociology, psychology and they must be men of understanding and repute. I will say that he must not be involved in such cases which we are trying to enadicate.

These courts have jurisdiction over matters pexetainding to marriage, divvorce, custody of children, maintenance and so on, but criminal offences like dowry deaths and dowry dispute are not included in the jurisdiction. The other day when I spoke on the Dowry Prohibition Act, I have already said, the family courts should try dowry disputes and dowry death cases. Moreover, sometimes it is impossible to collect evidence, because I have already said that day that the gifts of customary nature should not be taken as dowry and as provided in the Bill it is very difficult to collect evidence in that case. Also, the victims of these dowry cases will not find congenial atmosphere in the police custody. So. the whole purpose of dealing with this problem by sending them to the Criminal Courts will be lost. So, this should be included in the jurisdiction i.e. dowry death and dowry dispute cases should be tried by family courts.

The striking feature of the family Courts Bill is the intention to make concilation proceedings before the commencement of the trial meaningful and the trial is just with the association of welfare agencies and the assistance of Counsellors and medical experts and so on. I would like to know from the hon. Minister how we can involve women and women's organisations; whether you can have some sort of a jury system or something like that; and in the jury, whether you can include more women. Sir, we are having, as it is, some sort of infrastructure like welfare institutions doing conciliation work. In Bombay a reputed Welfare constitution is dealing with these cases after the court gives and; they pay home visits and do case service; they provide counselling and conciliation. I want to know whether those institutions which are providing some sort of infrastructure and giving assistance to the court and now if they assist family courts, will they get special assistance, whether it is from the Welfare Ministry of some other Ministry ? Can there be a coordination between the two ?

Regarding camera trial, this is a welcome feature: and the Bill also is not emphasising on the legal practitioner; this is also a very good feature as a result of which there would not be a tendency to prolong the proceedings. By saying this, we are not debarring the legal practitioner as there is the provision that wherever a legal expert is needed, the court can take advantage of it.

Regarding appeal, there is a provision. But I must say that we should not have an appeal to the High Court and the Supreme Court, but have one court of appeal from the family court, so that the matter will have speedier decision. Because, as it is, the High Court and the Supreme Court are overburdened and the cases are lying pending for years together. Hence this appeal in High Court will take long time for decision. Now the family Court has came.

The supporting Bills which are meant for the women to aneliorate their conditions by legislation like maintenance and the property right etc. should be stryed. Some standard should be there for that. If there is any lacuna, that should be plugged. As for examples in maintenance Act. Once some amount is settled the same amount is there even after ten years. It may be enhanced if circumstance requires. If there is any lacuna, such bills should also be amended. In the long run, this Bill definitely benefit the victims of the family disputes. So, I support this Bill.

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री (सैदपुर) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं इस बिल पर पहला व्यक्ति हूं जो कि कुटुम्ब न्यायालय विधेयक

पर बोल रहा है। हमारी बहुत-सी बहिनें इस पर बोली है। मैं समझता हूं कि हमारे विधि मंत्री जी कानून तथा समाज के बीच सामान्य स्थिति लाने के लिए इन दिनों काफी प्रयत्नशील हैं और इसी कारण से वे कई-एक बिल लाये हैं। यह बिल भी समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। खेद है कि अनजाने, गरीब, कमजोर और शोषित व्यक्तियों को यह अहसास नहीं है कि हमारे देश का कानून उनके लिए भी है।

इस कुटुम्ब न्यायालय विधेयक के द्वारा आप बहुत-सी बातों को हल करना चाहते हैं। निश्चित रूप से कुटुम्बों में आज विवाह के सम्बन्ध में, दहेज के सम्बन्ध में और अन्य प्रापर्टीज के सम्बन्ध में बहुत-सी समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं, बहुत से झगड़े खड़े हो गये हैं। इन समस्याओं और झगड़ों का निपटारा युगों-युगों से छोटी पंचायतें करती आई हैं। यदि हम लोग प्राचीन काल को देखें तो हजार वर्षों पहले मोहनजोदड़ों और हड़प्पा काल तक में भी इन मामलों का इकट्ठे बैठ कर हल किया करते थे। हमारे गांधी जी ने भी इस भावना का बहुत ध्यान रखा था और गांवों की बातों को गांवों में ही पंचायतों द्वारा हल करने पर जोर दिया था। उन्होंने पंचायती राज की इसी आधार पर कल्पना की थी। अगर आप उसी आधार पर यह कुटुम्ब न्यायालय विधेयक लाये हैं तो मैं समझता हूं कि यह बहुत ही स्वागत की चीज है और सारा सदन इसका स्वागत करेगा। मैं भी इसका स्वागत करता हूं।

लेकिन मान्यवर, यदि इस भावना को ध्यान में रख कर आप इस बिल को लाये हैं तो यह बहुत अच्छी बात है और मैं इस बिल का स्वागत करता हूं। लेकिन मैं ऐसा मानता हूं कि इस बिल में अनेक त्रुटियां हैं। इस बिल को लोकप्रिय बनाने के लिए आपको इनकी कुछ त्रुटियों पर ध्यान देना चाहिए। मैं आपको दो-एक बातों का उदाहरण देना चाहता हूं।

अभी एक लड़के की किसी भावावेश में आकर किसी एक लड़की से शादी कर दी। जब शादी के बाद लड़की घर आई तो पाया गया कि लड़की अन्धी है। लड़का एम० एड० और लड़की अन्धी। अब एक पर्टिकुलर कास्ट के लोग इकट्ठे हुए, महीनों तक पंचायत चलती रही और वहां जो निर्णय हुआ उसे किसी एक पक्ष ने नहीं माना। फिर मामला अदालत में गया और आठ वर्ष के बाद यह वहां से यह निर्णय हुआ कि वह लड़का उस औरत को नहीं रखेगा। अगर ऐसी बातों का समाधान हमारे कुटुम्ब न्यायालय द्वारा पहले ही कर दिया जाए तो ऐसी समस्याएं खत्म हो जाएंगी।

हमारे उत्तरप्रदेश में एक रायबरेली इलाका है। बल्कि मैं तो यह कहूंगा कि रायबरेली ही नहीं, पूरे पूर्वी उत्तरप्रदेश में पढ़े-लिखे लोग अनपढ़ औरतों को छोड़ कर किसी पढ़ी-लिखी औरतों से शादी कर लेते हैं। उनके 6-6, 8-8 साल के बच्चे हैं लेकिन उनकी भी परवाह किये बगैर वे दूसरी शादी कर लेते हैं। वे सरकारी सेवा में भी लगे हुए हैं। अगर इस प्रकार की समस्याएं भी कुटुम्ब न्यायालय द्वारा हल की जा सकें तो समाज का बहुत हित होगा।

मान्यवर, अभी हमारी बहुत-सी बहनों ने कहा कि 37 वर्ष की आजादी के बाद भी नारी की स्थिति बहुत खराब है। वह आज जलाई जा रही है, वह ट्रेनों के नीचे आ कर कटती हैं, कुतुबमीनार से छलांग लगाती हैं। आप इसके बारे में सजग हैं, यह मैं देख रहा हूं। आपने दहेज निषेध का कानून पास किया है, आपने क्रिमिनल प्रोसीजर कोड का संशोधन कर उसमें भी दंड देने की व्यवस्था की है। लेकिन मैं समझता हूं कि ये संशोधन नाम मात्र के हैं जब तक आप यह नहीं सोचते कि इन्हें समाज में कैसे लागू किया जाए। यह चीज आपने आज तक नहीं सोची है। ये केवल कागजी संशोधन मात्र रह गये हैं।

एक हमारे देश में सती प्रथा का निषेध करने वाला कानून बना है। लेकिन कभी-कभी यह भी पढ़ने को मिलता है कि फलां औरत सती हो गई है, और उसके चारों तरफ हजारों लोग मेला लगा रहे हैं कि वह स्वर्ग में पहुंच गई है। तमाम किस्म की दुर्घटनाएं हो रही हैं। अभी राजस्थान में एक घटना प्रकाश में आई है। हमारी सरकार ने उस पर कोई व्यवस्था नहीं की बल्कि पुलिस ने दर्शन करने वालों के लिए व्यवस्था कर दी। पूजा-पाठ की व्यवस्था होने लगी, जबकि एक औरत सती हो गई थी। चाहिए यह था कि जब सती प्रथा बंद है तो वहां पर किसी को न जाने दिया जाए दर्शन के लिए। लेकिन लाखों लोग गए और अभी भी जा रहे हैं। आज औरतों को बेचा जा रहा है। बहुत से कानून बने हुए हैं, लेकिन फिर भी अपराध जारी हैं, अभी जैसे एक वैश्या-वृत्ति अधिनियम है। अभी मैं एक किताब पढ़ रहा था अलेक्जेंडर की लिखी हुई, उसमें लिखा हुआ था कि हिन्दुस्तान में दस हजार ऐसी लड़कियों को वैश्यावृत्ति के लिये तैयार किया जा रहा है जिनकी उम्र दस वर्ष की है। बताइए कानून का क्या लाभ हो रहा है। मैं बताना चाहता हूं कि जो भी कानून आप लाते हैं, उसमें आपकी नीयत तो ठीक होती है परन्तु नियित ठीक नही होती। इसके बारे में डागा साहब अभी बताएंगे।

अभी मैं इसको देख रहा था। इसमें सामाजिक संगठनों, डाक्टरों, मनोवैज्ञानिकों, महिला संगठनों और पास-पड़ौसियों को आमंत्रित किया गया। यह बहुत अच्छी बात है।

एक और बात मैं कहना चाहता हूं। यह बात मैं किसी भावना से नहीं कह रहा हूं, साफ बता रहा हूं। आज हमारे देश की प्रधान-मंत्री नारी हैं। वे बेटी भी थीं, बहु भी थीं, मां भीं हैं और सास भी हैं और 1966 से आज तक वे प्रधानमंत्री हैं। लेकिन आज इस समयावधि में जितनी नारी की दशा गिरी है, उतनी में समझता हूं कि इसके पहले नहीं गिरी थी। मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं, एक सच्चाई प्रकट कर रहा हूं। हमारे साथी उनकी छवि विदेशों में बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, मैं भी चाहता हूं कि उनकी छवि अच्छी होनी चाहिए, लेकिन यह छवि तभी ठीक होगी जब समाज की छवि उभरे, हमारे देश की छवि उभरे, हमारे राष्ट्र की छवि उभरे। इसके लिए हमको नारी को उचित आदर देना होगा, सम्मान देना होगा, उचित न्याय देना होगा।

(व्यवधान)

जैसा कि हमारे एक मित्र कह रहे है, मैं वह नहीं कहना चाहता। कुटुम्ब न्याय विधेयक बहुत अच्छा है। मैं चाहूंगा कि विवाह और कौटुंबिक बातों में सुलह कराने का यह एक अच्छा तरीका है।

अध्यक्ष महोदय : प्वाइंट्स बोलिए।

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री : मान्यवर इसमें आपने एक जगह लिखा है—"इस अधिनियम के प्रारम्भ के पश्चात् राज्य के किसी नगर या कस्बे के प्रत्येक ऐसे क्षेत्र के लिए, जिनकी जनसंख्या 10 लाख से अधिक हो, कुटुंब न्यायालय स्थापित करेगी।"

आपके कहने का मतलब यह है कि 10 लाख वाले शहरों में एक न्यायालय होगा। देश में लाखों जिले हैं जिनकी आबादी दो लाख, तीन लाख, चार लाख, पांच लाख हैं। मैं आपसे यह निवेदन करूंगा कि कस्बों में और तहसील स्तर पर भी कुटुंब न्यायालय की स्थापना की जाए और 10 लाख की जनसंख्या वाली बात हटाई जाए।

इसमें लिखा है -"62 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के पश्चात किसी भी व्यक्ति को कुटुंब

न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में न तो निवृत्त किया जाएगा और न वह इस रूप में पदधारण करेगा।" इसमें जो 62 वर्ष की सीमा निर्धारित की है, इसका क्या मकसद है। मैं कहना चाहता हूं कि इसमें उम्र की कोई बात नहीं रखनी चाहिए।

हमारे यहां गावों में जो झगड़े होते हैं, उनको बड़े बुजुर्ग लोग तय किया करते हैं, जिनकी उम्र 80 वर्ष के करीब होती है। कुटुम्ब का विवाद तर्जुबेकार आदमी ही ठीक कर सकता है, दूसरा नहीं। आपने इस बिल में लिखा है कि "किसी उच्च न्यायालय का या ऐसे दो या अधिक न्यायालयों का लगातार कम से कम सात वर्ष तक अधिवक्ता रहा हो"। एक जगह पर यह लिखा है कि "भारत में किसी न्यायिक पद पर या किसी अधिकरण के सदस्य के पद पर या संघ अथवा राज्य के अधीन किसी ऐसे पद पर, जिसमें विधि का विशेष ज्ञान अपेक्षित हो, कम से कम सात वर्ष तक रहा हो"। आपने यह दो बातें सात वर्ष के अनुभव की कही है। मैं यह जानना चाहूंगा कि आपका इसमें मकसद क्या है? मैं यह कहना चाहूंगा कि यह कोई जरूरी नहीं है कि किसी आदमी का सात वर्ष का अनुभव हो। कुटुम्ब, शादी-ब्याह और दहेज के झगड़ों को तय करने में अनुभव की क्या जरूरत है? मैं समझता हूं बुजुर्गीयत और उसकी गरिमा ही काफी है जिससे लोग उसका आदर कर सकें। आपने इस में समय का बंधन नहीं किया है। हमारे देश में सबसे बड़ी दुर्दशा यही है कि जब कोई मुकदमा पेश होता है तो वह कई वर्षों तक चलता रहता है। अपील करने के लिए आपने इसमें तीन दिन रखे हैं। आपका मकसद यह साफ है कि जल्दी से जल्दी न्याय मिले। दो, तीन या चार दिनों में मुकदमा समाप्त करने की कोशिश हो, ऐसा लिखा जाना चाहिए।

श्री मनी राम बागड़ी: (हिसार) अध्यक्ष जी, श्रीमती सिन्हा को पांच मिनट मिलने चाहिए।

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री: मैं भी अपने पांच मिनट छोड़ रहा हूं। हमारी एक बहन ने मोबाइल यूनिट की बात कही है। मैं यह विनम्र निवेदन करूंगा कि इसमें आप एक जरूर अमेंडमेंट करें कि ऐसे कुटुम्ब न्यायालय की मोबाइल यूनिट होनी चाहिए। वह यूनिट गावों तक पहुंचकर झगड़ों का निवारण करे और इनको नियंत्रण में रखे। मैं इन शब्दों के साथ इन संशोधनों का समर्थन करता हूं और अपने पांच मिनट भी छोड़ रहा हूं।

श्रीमती विद्या चेन्नुपति (विजयवाड़ा): अध्यक्ष महोदय, फैमिली कोर्टस बिल का मैं समर्थन करती हूं। जब हम समर्थन कर रहे है तो इसमें जो कमियां हैं, वह महिला होने के नाते कह सकते हैं। आपको मालूम है कि आज "मैन मेड सोसायटी" है। महिलाएं तो दूसरे स्थान पर ही रहेंगी। इसीलिए मैंने कहा कि यह मैन मेड सोसायटी है। बड़े अफसोस की की बात है कि यह बिल इस अधिवेशन के के आखिरी दिन लाया गया है। यह कहा गया है कि दस लाख पर एक कोर्ट रखेंगे। मैं यह सुझाव देना चाहती हूं कि हरेक बिग सिटी और डिस्ट्रीक्ट में एक-एक फैमिली कोर्ट होना चाहिए। पति-पत्नी में जब डिसप्युट होता है तो वह टैम्परेरी होता है। हमारे यहां एक स्ट्रांग फैमिली सिस्टम है। मैं समझती हूं, यह बिल हमारे लिए बहुत उपयोगी है।

आपने इस बिल में प्रावधान किया है कि कुछ बातों को स्टेटस पर छोड़ दिया जाएगा। कुछ सोशयल वर्कर्स को तथा सोशयल वैलफेयर आर्गेनाइजेशन्स और डिपार्टमैंट को इसमें एसोशियेट किया जाएगा और उनके साथ मिलकर निर्णय किए जाएंगे। लेकिन मैं आपके इस प्रावधान को सपोर्ट करने कि लिए तैयार नहीं हूं। मैं सुझाव देना चाहती हूं कि इसके स्थान पर एक सैन्ट्रल एक्ट हमें तैयार करना चाहिए। उसका कारण यह है कि किसी समय एक स्टेट

में कोई ऐसा व्यक्ति चीफ मिनिस्टर बन जाता है जो महिलाओं के अधिकारों के विरुद्ध हो, उस समय सम्भव है कि वह इन फैमिली कोर्टस को समाप्त कर दे, या उनके अधिकारों को कम कर दे। इसलिए एक सैन्ट्रल एक्ट होना आवश्यक है। ताकि कोई चीफ मिनिस्टर उसमें अपनी इच्छानुसार परिवर्तन न कर सके। उस अवस्था में हम क्या कर सकते हैं। हम उनकी सहायता तो ले सकते है, लेकिन सारी व्यवस्थाएं उन पर छोड़ना उचित नहीं माना जा सकता।

मेरा सुझाव यह भी है कि इन न्यायालयों में महिला जजों का होना बहुत जरूरी है। जहां हमारे सोश्यल वैलफेयर आर्गेनाइजेशन्स से सहयोग करके हम कुछ महिलाओं को या दूसरे लोगों को सलेक्ट करेंगे, वहां मैं चाहती हूं कि महिला जजों को पूरी पावर्स भी दी जाए। क्योंकि मैं जानती हूं कि महिलाओं के दिमाग में टैंशन जरा ज्यादा रहती है। (व्यवधान) बागड़ी जी आप जरा महिलाओं की बात को भी सुनिये। आप क्यों नहीं सुनना चाहते।

जहां तक बच्चों को संरक्षता प्रदान करने का सम्बन्ध है, आपने इस बिल में बहुत अच्छा प्रावधान किया है, लेकिन मैं आपको सुझाव देना चाहती हूं कि बच्चों के सैटलमैंट में हमें बच्चों को उसकी माता के पास रखने का प्रयत्न करना चाहिए। क्योंकि यह देखा गया है कि बच्चा अपनी माता के पास रहकर खुश रहता है।

एक प्रावधान मैं इस बिल में यह भी चाहती हूं कि जब कोई पति अपनी पत्नी को पैसा नहीं देता है तो उसके सामने एक आर्थिक समस्या खड़ी हो जाती है। मैं चाहती हूं कि ऐसी हर पत्नी को कोर्ट के जरिए पैसा दिलवाया जाए ताकि वह बच्चों आदि की देखभाल ठीक से कर सके। कोर्ट की ओर से ऐसे डायरेक्टिव जारी करने का इस बिल में प्रावधान होना आवश्यक है।

हमारे समाज में हम महिलाओं के सामने कई तरह की प्रौब्लम्स आती हैं, कहीं डौरी डैथ का मामला हमारे सामने आता है, कहीं बलात्कार का मामला आता है तो कहीं महिलाएं स्यूसाइड करती हैं। इनके सम्बन्ध में मैं सुझाव देना चाहती हूं कि इन फैमिली कोर्ट में उन सब मामलों को एक ही जगह सुना जाना चाहिए और जल्दी उसका निर्णय हो। क्यों कि हम देखते हैं कि हमारे न्यायालयों में कई कई सालों तक केसेज का निर्णय नहीं हो पाता। फिर एक ही स्थान पर सुनवाई के दौरान दोनों पक्ष एक दूसरे की बात आसानी से सुन समझ सकते हैं। यदि हम इस क्लाज को भी इस बिल में जोड़ दें तो वह हम सब के हित में होगा। आजकल कोर्टस में जहां निर्णय होने में समय लगता है, वहीं पैसा भी खर्च होता है और इस कारण महिलाएं कुछ कर नहीं पातीं। इसलिए महिलाओं से सम्बन्धित मामलों का निर्णय फैमिली कोर्टस में होना जरूरी है। हमें इस सम्बन्ध में कोर्ट टाइम-बाउंड प्रोग्राम रखना चाहिए जिससे देरी से भी बचा जा सके और महिलाओं के सामने कोई प्रौब्लम भी खड़ी न हो।

एक सुझाव मैं यह देना चाहती हूं कि चूंकि महिलाएं एजीटेशन नहीं कर सकतीं, इसलिए उनको फ्री लीगल ऐड का प्रावधान भी रहना चाहिए। क्योंकि सारी महिलाओं के सामने पैसे की प्रौब्लम भी आती है और इस कारण वे कुछ कर नहीं पातीं। इसके साथ-साथ किसी एडवोकेट की जरूरत भी नहीं होनी और फ्री लीगल ऐड का प्रावधान जरूर रखा जाना चाहिए।

अन्तिम सुझाव मैं यह देना चाहती हूं कि हमारे भारत देश में गांव में और समाज में हमारे सामने कई दिक्कतें पेश आती हैं। वहां कुछ बड़े लोग बैठे हैं, मैं चाहती हूं कि हमारी कोर्टस वहां जाकर उन लोगों को बुलाकर मामलों का निपटारा करें। हमारी बहन ने भी

यहां सुझाव दिया कि हमें मोबाइल कोर्टस का निर्माण करना चाहिए। जहां-जहां प्रौब्लम्स हों, वे मोबाइल कोर्टस वहीं जाकर बड़े लोगों को बुलाकर उन मामलों का निर्णय करें उनको समझायें। वरना हमारे न्यायालयों में निर्णय होने में सालों लग जाते हैं। इसी कारण मैं मोबाइल कोर्टस के निर्माण के सुझाव का समर्थन कर रही हूं।

मैं चाहती हूं कि आप मेरे तमाम सुझावों पर विचार करेंगे और इस बिल में उनको शामिल करेंगे तथा सदन में बतायेंगे कि किन सुझावों को आपने मान लिया है। इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करती हूं और इसको लाने के लिए प्रधान मंत्री जी और माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देती हूं।

श्री कृष्ण कुमार गोयल (कोटा) : अध्यक्ष जी, जहां तक इस विधेयक का प्रश्न है, मैं समझता हूं कोई भी व्यक्ति इस विधेयक का विरोध करेगा। जो इसके औबजेक्ट्स हैं और जिनको धारा 7 के अन्दर वर्णित किया गया है उनको देखते हुए इस प्रकार के कोर्टस का का बनना आवश्यक है और जिनकी बनाये जाने की मंशा इस विधेयक के माध्यम से बतायी है मैं इस बिल का स्वागत करता हूं। और विशेष कर के धारा 7 के साथ-साथ धारा 9 के अन्दर जितने भी विवाह जिनका कि अधिकार अदालतों को धारा 7 में मिलेगा उसमें वह प्राथमिकता देंगी कि इन विवादों को आपसी समझौते के आधार पर समाप्त करें और उसके लिये आवश्यक समय दें। और उसके बाद भी अगर सम्भव न हो तो डिक्री न दें। मैं समझता हूं दोनों धाराओं की मंशा अच्छी है और इसका स्वागत होना चाहिये। लेकिन मैं जानना चाहता हूं जो बिल मंत्री जी लाये यह केवल कानून की किताबों में रखने के लिए लाया गया है, या ईमानदारी से जिस ध्येय से बिल लाया गया है अदालतें बनायी जायें उनको बनाने का भी ध्येय सरकार का है कि नहीं ?

इस बिल में जितनी धारायें हैं सब जगह स्टेट गवर्नमेंट लिखा है। स्टेट गवर्नमेंट नियम बनायेगी, जहां चाहेगी अदालतें बनायेगी, कौन उसके जज बनाये जायें यह वह तय करेगी हाई कोर्ट से मिल कर, क्या-क्या योग्यता हो, क्या उसका स्टाफ हो, उनकी सैलरी हो। यह सब बातें स्टेट गवर्नमेंट पर हैं। तो मेरा चार्ज है मंत्री महोदय आप पर कि यह जो विधेयक लाया गया है सरकार की नीयत इस विधेयक को लागू करने की कतई नहीं है। क्या आप उत्तर देते समय सदन को विश्वास दिलायेंगे कि आप 6 महीने में या एक साल के अन्दर इसको ऐन-फोर्स करेंगे सारे देश में ? आज समाज और परिवार में जो विषम परिस्थितियां हैं, कोई भी ऐसा राज्य नहीं है जहां यह समस्या न हो। आवश्यकता यह है कि सारे राज्यों में यह कानून तुरन्त लागू होना चाहिए और जो आपकी मंशा है, स्टाफ, सैलरी, योग्यता क्या हो यह सब आपको ही तय करना चाहिये था, और इन बातों को स्टेट गवर्नमेंट पर नहीं छोड़ना चाहिये। लेकिन लगता है कि मंत्री महोदय ने केवल जो इस प्रकार की जोरदार मांग थी कि ऐसी अदालतें बनायी जायें उस को केवल शब्द रूप में स्वीकार किया है। इसको कहीं पर क्रियान्वित करने की सरकार की नीयत नहीं है।

अध्यक्ष महोदय : कथनी और करनी में अंतर मिटा देना चाहते हैं।

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : अध्यक्ष जी, 6 बज गये हैं अब हम लोग कितनी देर तक बैठें ?

अध्यक्ष महोदय : जब तक भूख लगे।

श्री राम विलास पासवान : जो आर्डर पेपर लिस्ट आफ बिजनेस है इसके मुताबिक तो 12, 13, घंटे लग सकते हैं। इसका मतलब यह है कि कल सवेरे 8 बजे तक सदन चलेगा।

अध्यक्ष महोदय : कम से कम यह सैशन याद तो रहेगा ।

श्री राम विलास पासवान : आप एक टाइम मुकर्रर कर दें कि 8, 9 बजे तक सदन चलेगा ।

श्री सतीश अग्रवाल (जयपुर) : अगर 12 बजे बाद बैठना ही है तो कल सवेरे बैठ जायें ।

श्री राम विलास पासवान : ऐसी क्या जल्दी है ?

श्री मनीराम बागड़ी : देखिये अध्यक्ष जी, हम ज्यादा देर नहीं बैठेंगे ।

THE DEPUTY MINISTER IN THE DEPARTMENT OF SPORTS IN THE MINISTRY OF WORKS AND HOUSING AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MALLIKARJUN) : Hon. Member on the other side have all along been co-operating in carrying out the business. I now earnestly request them to bestow their wiseom so that the Government business is completed.

SHRI SATISH AGARWAL : We are ready to co-operate. But this cannot be passed to-day.

SHRI MALLIKARJUN : For every Bill they should take as little time as possible.

अध्यक्ष महोदय : आप इस समय टाइम जाया न करें, बैठ जायें ।

श्री मनीराम बागड़ी : पहले फैमिली कोर्ट बिल को पास होने दीजिये उसके बाद देखेंगे ।

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE : Five minutss.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE : I cannot finish my speech in five minutes. I very much protest the way these social Bills are being dealt with in this Parliament. These have been brought on the last day. No time is being given for proper deliberation and for proper consideration of the amendments. These cannot go on. (*Interruptions*).

MR. SPEAKER : All right. You may please come up with some suggestions, very gopd suggestions with all the vehemence did not with agitation.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE On social Bills, I do not go in agitation.

SHRI N.K. SHEJWALKAR (Gwaliar) : On such an important Bills, no proper time is being given.

(*Interruptions*)

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE (Panskura) : The first thing which is really one of the serious things is that this Bill has been circulated to us in a hurry and that the hon. Minister has not deemed it proper or could not find time to attach Objects and Reasons for consideration or for passing the Bill. This is a serious point. It is not for agitation, I assure you. But I feel that the social laws, if they have to have any impact on the society, the objects much be very clearly brought out—what it proposes to do in all seriousness. The Executive and the Parliament should be clear on this point so that ultimately the person who will be dealing with the law point should feel that this is something with earnestness that is being pressed upon in the society. Here, I feel that has not been done. That is why, I say it is of no use to hurry it up.

Why I said about the objects and Reasons ? Before I take up any other clause, I shall take up who will be appointed as a Judge. There, certain ideas have been given. But these judges should be guided. That is the most important thing. There are objects and reasons are necessary. You have not given it. But here what are you giving :

"every endeavour shall be made to ensure that persons committed to the need to protect and preserve the institution of marriage and to promote the welfare of children and qualified persons. . .."

Here, the question is with what speed these courts will approach the subject to protect and preserve the institution of marriage. Now, Sir, the point is that our society has not yet come to a situation where the principal problem is that of marriages being torn as under. Legally, they are not being torn asunder. That is not the problem. The most serious problem in our society is the feudal inheritance. That is there in the society. That being the case, there are millions of families where the marriage institution is in the so-called protected condition but the woman is subjected to unsufferable dignity and thereby the entire institution of marriage is brought to a pass that sometimes it is really a sort of insult to us.

Now, what is the criterion of selecting judges ? Why should not one word be there that in protecting and preserving the institution of marriage, the dignity of women must be taken into account ? You may say, why dignity of women should be taken into account and why not dignity of men. Yes, dignity of man should also be taken into account. But in the society, as it stands, it is the dignity of woman which is in the most jeopardised condition and thereby I would say really it is subverting the very institution of marriage. That is the big problem in our society. Therefore, I feel that if you do things in a hurry, then the essence of things is sometimes really lost. In my opinion, here, this concept could have been a running concept which I find wanting. At this late stage, we have no opportunity to study the Bill seriously and come with amendments. I wish the Minister will come *suo-motu* with amendments and include some phrase in this Bill which will give at least a orientation to this entire question of judging how the family courts will reconcile and with what spirit.

Secondly, I would like to say that my friends have been very critical and I fully agree with all the contentions. They have said, election stunt etc I am now leaving out elections. But, Sir, whethere there is election or not, I really think that this has been brought rather as a face-saving device. Otherwise, there would have been more thought in the whole thing. Let us see, in the very beginning how these courts will come into force. It is very clearly written. It shall come into force on such date as the Central Government may by notification in the official gazette appoint and different dates may be appointed for different States. From the very beginning, you are taking that when this Bill will be passed, some States, at their sweet will, at different dates, will be taking recourse to this Act for achieving the objects. From the very beginning, it is diluting.

Then, we come to the question of rules. It is really very interesting to note that all the crucial questions are to be covered by the rules. Firstly, all my colleagues have said. . .

MR. SPEAKER : Please make points.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE : Sir, in the beginning I have said these taings require some explanation, particularly in the atmosphere that prevailed. Before, I started speaking, mirthful and gle ful atmosphere was there. A very light atmosphere was there. That was not condusive for social laws. So, I again request you also to understand and please give me a little time even for making points. I am not a juggler. I must have a little time. I am trying my level best. (*Interruptions*).

I come to the rules. My friends have already said from both sides that you are appointing a principal judge.

They are asking the State Governments, in consultation with that Judge, to appoint some other Judges. In that, the question of having a woman judge has not been taken into account; in that, the persons with other qualifica-

tions have not been taken into account.

MR. SPEAKER : Have they barred women ?

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE : That is not the point. I hope, you have read the Bill. There is Clause 5 where these rules are coming in, as to who will be associated and all that. Only an association or an institution or an organisation engaged in social work comes in. Only persons engaged in the field of social work come in. I do not know who are the persons professionally engaged in promoting welfare of the people and doing social work in the field. I hope, they are not the people as in the case of the Marriage Bill. In any case, whatever non-official organisation is being conceived, whatever non-official persons are being conceived, they are being conceived only as an associate. . .

PROF. MADHU DANDAVATE : Probably, they are treating husbands as professionals.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE : There are husbands and husbands. Say, for example, if Prof. Madhu Dandavate will be on it, I will vote for it.

Now, as to who will be associated and how they will be associated, all that has been left to the rules. It says that, in consultation with the High Court, the State Government by rules will associate these persons in such manner and for such purposes as they may deem fit. In which manner they will be associated, that is left to the State Governments. For what purpose they will be associated, that is again left to the State Governments. The rules will be made by the State Governments. They are trying to introduce a new social concept in these family courts and keep everything in such a manner and such other way as the State Governments deem fit. The Central Government does not give any direction to the State Governments on it. It is a perfunctory way of having family courts here. The socialist countries have a lot of family courts.

MR. SPEAKER : It is all right now.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE : It is not all right. It would have been all right if they had done it in a proper way. There should have been proper statutory provisions for all these things in the Bill.

Then, my friends have raised the question of Juries. That is a very relevant question. Why has that provision not been made ?

MR. SPEAKER : Please conclude now.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE : I have not raised any single point which is irrelevant. If I speak irrelevant, you can stop me.

MR. SPEAKER : I have to give you time according to party strength.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE : On every other Bill, the time is extended. Only on this Bill, you are not extending the time. I am trying to be as fast as I can. I am only making points which are very relevant to the Bill.

Thre are certain provisions in the Bill which are very difficult for me to understand. For example, the Bill provides that only the districts having 1 million population will have the family courts. Many districts do not have a population of one million. So, those districts may not have family courts. They say that the cases which are pending in the gub-divisional courts or the district courts will all be transferred to the family courts. That means, today the village women who go to sub-divisional courts, to the lower courts, will have to go to the district courts. That means, with the introduction of this Bill, they are making a more lengthy and cumber some process. It should not have been done like this.

Similarly, there is a provision of appeal. . . .

MR. SPEAKER : Please conclude now.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE : Sir, whether you give me time or not, I feel very strongly about the Bill. There are very many provisions in the Bill which defeat the very purpose of the Bill. Take, for example, the provision of maintenance. It is a very important provision The women are not getting maintenance at all unless you change the principle behind the provision of maintenance. As you will be knowing, in every case, after a few months, the maintenance is stopped and women do not get it.

Therefore, I would conclude by saying let the hon. Minister of Law withold the Bill now. Please give more thought and make the Bill cogent and then pass the Bill so that that it will be effective.

This Bill is not effective.

A Select Committee is called for.

MR. SPEAKER : I have noted the wishes of the House, The hon. Members would like that the House may be adjourned early I can therefore make a proposition that after the discussion on this Bill is over, we will take up the proclamations regarding Sikkim and Punjab and the House can be adjourned by 7.30 PM.

इस बिल पर अभी श्री हरीश कुमार गंगवार और श्री वनातवाला और बोलने वाले हैं।

श्री हरीश कुमार गंगवार (पीलीभीत) : अध्यक्ष जी, मैं इस कुटुम्ब न्यायालय विधेयक का स्वागत करता हूं। इसके सम्बन्ध में बहुत सी बातें कही जा चुकी है जिनको मैं दोहराऊंगा नहीं। यह बात बिल्कुल सही है कि तलाक आदि के मामले में और विवाह से उत्पन्न अन्य मामलों में आजकल के कोर्टस में बहुत देर लगती थी, साथ ही अभिभावक नियुक्त करने में, संरक्षक नियुक्त करने में भी बहुत देर लगती थी। इस बिल में जज के रूप में नियुक्ति के लिए जो अर्हतायें दी गई हैं उसमें महिलाओं को प्रेफरेंस दिया गया है, इससे मैं संतुष्ट हूं लेकिन एक बात मैं कहना चाहता हूं। इस बिल में सेक्शन (4) में जो अर्हतायें दी गई हैं उसके अनुरूप महिलाओं को ढूंढना मुश्किल हो जायेगा। इसमें लिखा हुआ है :

(क) भारत में किसी न्यायिक पद पर या किसी अधिकरण के सदस्य के पद पर या संघ अथवा राज्य के अधीन किसी ऐसे पद पर, जिसमें विधि का विशेष ज्ञान अपेक्षित हो, कम से कम सात वर्ष तक रहा हो; या

(ख) किसी उच्च न्यायालय का या ऐसे दो या अधिक न्यायालयों का लगातार कम से कम सात वर्ष तक अधिवक्ता रहा हो; या

(ग) ऐसी अन्य अर्हतायें रखता हो, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से विहित की जायें।

मेरा कहना यह है कि अगर इसमें सात वर्ष तक प्रैक्टिस करने वाले एडवोकेट को भी शामिल कर लिया जाए, जिसके चाहे डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में ही क्यों न अच्छी प्रैक्टिस रही हो, तो ऐसी महिलाओं का मिल पाना अधिक सुनिश्चित हो जायेगा।

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (**श्री जगन्नाथ कौशल**) : इसका मतलब यह नहीं है कि हाईकोर्ट में ही प्रैक्टिस करता करता रहा हो, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की प्रैक्टिस भी मानी मानी जाएगी।

श्री हरीश कुमार गंगवार : आप इस लाइन को फिर से पढ़ लें। उसके बाद श्रीमन्, निर्णय दें कि इसका क्या अर्थ निकलता है ?

"किसी उच्च न्यायालय का या ऐसे दो या अधिक न्यायालयों का लगतार कम से कम

सात वर्ष तक अधिवक्ता रहा हो'' इसमें डिस्ट्रिक्ट कोई कहीं दिखाई नहीं देती है। इसलिए इसमें मैं समझता हूं कंफ्यूजन है, जिसको दूर करना चाहिए।

दूसरी बात यह कही गई है कि दस लाख की आबादी वाले स्थानों के लिए कोर्ट्स की स्थापना की जायेगी और कुछ अन्य जगहों पर की जायेगी लेकिन दस लाख की आबादी वाले जिले हमारे यहां काफी हैं वह छूट जायेंगे। अगर आप दस लाख के बजाए 5 लाख कर दें तो ज्यादा अच्छा रहेगा-यह मेरा सुझाव है।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि वकीलों को दूर रखा गया है। उनको कोर्ट में जाने से रोका गया है। आजकल जबकि हमारे देश में 80-85 फीसदी आबादी देहातों में रहती है, उन लोगों को कानून का बिल्कुल भी पता नहीं होता है, गैर कानूनी तरीके से वे अपनी दरख्वास्त लिख कर फंस जाते हैं। इसके लिए आपको कोई विशेष इन्तजाम करना चाहिए। समाजकल्याण संगठनों के प्रतिनिधि भी बात नहीं कर पायेंगे, जो एक कानून का ज्ञाता कर सकता है। इसलिए मैं मंत्री जी से अपेक्षा रखता हूं कि वे इस बिल को वापिस ले लें और एक काम्प्रिहैंसिव बिल लायें, तो ज्यादा अच्छा रहेगा। जो प्रावधान आपने इस बिल में निहित किए हैं, उनसे आपका मनोरथ पूरा होने वाला नहीं है। आप हर जगह पायेंगे कि डैलिकेटेड लेजिसलेशन हैं यह कोई अच्छी बात नहीं है। किस प्रकार के रूल्स बनेंगे, कब बनेंगे और कितने दिनों के बाद व्यवहार में आयेंगे। इस प्रकार जो लाभ जनता को मिलना चाहिए वह नहीं मिल पाएगा।

इसके अलवा मैं यह चाहता था बजाय इसके कि यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा, जो केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करें और विभिन्न राज्यों के लिए विभिन्न तारीखें नियत की जा सकती हैं तारीख को मुकर्रिर कर देते तो ज्यादा अच्छा रहता। पता नहीं आप कब इस कोर्ट इस्टैब्लिश करेंगे। इनकी नियत जानें और दीन-ईमान जानें हम लोग कुछ नहीं कह सकते हैं। इतना संतोष जरूर है कि ये इसको पास करेंगे और जब हम आयेंगे तो लागू करेंगे।

SHRI G.M. BANATWALLA (Ponnani) : Mr. Speaker, Sir, the Bill has been brought forward with the laudable objective of speedy settlement of family disputes with efforts to promote conciliation. It is an undisputed fact that our present judiciary is so designed that quick, equitable and just solutions of problems and issues elude us. It is practically impossible for a common man today to achieve timely justice through our law courts. In the case of family disputes, it is most distressing to find parties entangled in the cobweb of protracted procedure. Therefore, it goes to the credit of the hon. Minister to have come forward with a Bill that takes cognizance of this sordid state of affairs. In 1976 also an attempt was made to provide for a special procedure in regard to family disputes and the Code of Civil Procedure was amended. Yet, however, there was no appreciable change in the proceedings relating to family disputes.

I do not, therefore, know how far the same procedure which is now being incorporated in the Family Courts will really improve the position. However, I must here stress that the success of law in achieving its laudable objectives will depend upon the persons appointed to administer the law. Therefore, care should be taken to entrust the implementation of this law to such Judges who are not only fully conversant with this particular branch of law but also have the proper commitment and behaviour and who are also fully trained to deal with such matter...

PROF. MADHU DANDAVATE : ... and who are also conversant with family troubles.

SHRI G.M. BANATWALLA : I may here draw the attention of the august House to the recommendations of the Law Commission in its 59th Report. In its 59th report, the Law Commission says at page 13 :

> "We would suggest that in due course States should think of establishing Family Courts with presiding officers who will be well qualified in law, no doubt, but who will be trained to deal with disputes in a humane way".

Therefore, I must stress upon this fact that after the Bill becoming an Act, to achieve its objectives, there must be a careful selection of Judges in these courts...

PROF. N.G. RANGA : That is right.

